शनिवार, 19 अप्रैल 2025

**मौसम**



| | |
|---|---|
| तापमान | 31 – 27 |
| आर्द्रता | 84% |
| सूर्योदयः 5:13 | सूर्यास्तः 17:55 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, चैत्र कृष्णपक्ष षष्ठी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : तुम्हारे अपने ही दुश्मन बन जायेंगे दोस्तों! जरा उनसे आगे निकल कर तो देखो।



भारत विनिर्मित इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों को विश्व स्तर पर मान्यता मिल रही: केंद्रीय मंत्री वैष्णव -पृष्ठ 8

# राज्यपाल ने मुर्शिदाबाद दंगा पीड़ितों से मुलाकात की

■ **आज राज्यपाल मुर्शिदाबाद का कर सकते हैं दौरा**



**मालदह :** राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस शुक्रवार को मालदह पहुंचे और मुर्शिदाबाद हिंसा के बाद प्रभावित क्षेत्रों से भागकर आए लोगों से मुलाकात की, जो वहां एक अस्थायी शरणार्थी शिविर में शरण लिए हुए हैं। बता दें कि राज्यपाल दौरा स्थगित करने के मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के अनुरोध को दरकिनार करते हुए शुक्रवार को मालदह पहुंचे। उन्होंने हिंसा पीड़ितों को आश्वासन दिया कि उनकी शिकायतों के समाधान के लिए 'सक्रिय कार्रवाई' की जाएगी। बोस ने वैष्णबनगर के परलालपुर हाईस्कूल स्थित शरणार्थी शिविर में शरण लिए बच्चों, महिलाओं और पुरुषों से बात की। उन्होंने शरण लिए लोगों से मुलाकात के बाद कहा कि मैंने यहां शिविर में रह रहे परिवार के सदस्यों से मुलाकात की। मैंने उनकी शिकायतें सुनीं और उनकी भावनाओं को समझा। उन्होंने मुझे विस्तार से जानकारी दी और यह भी बताया कि वे क्या चाहते हैं। निश्चित रूप से कुछ सक्रिय कार्रवाई की जाएगी। बोस ने मालदह के लिए ट्रेन में सवार होने से पहले कोलकाता में संवाददाताओं से कहा कि मैं (हिंसा प्रभावित) क्षेत्र में जा रहा हूं। उन्होंने कहा कि मैं पीड़ितों से मिलूंगा, हिंसा प्रभावित क्षेत्र से प्राप्त रिपोर्ट की पुष्टि करूंगा, अस्पतालों, पीड़ितों के आवासों और राहत शिविरों का दौरा करूंगा। राज्य पुलिस और केंद्रीय बल साथ मिलकर काम कर रहे हैं तथा स्थिति जल्द ही सामान्य हो जाएगी। दौरे के बाद, मैं अपनी सिफारिशें भेजूंगा। राजभवन के सूत्रों ने संकेत दिया कि बोस शनिवार को मुर्शिदाबाद का दौरा कर सकते हैं।

**कार्रवाई का दिया आश्वासन**

### एनएचआरसी की टीम ने भी किया दौरा

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने घटना का स्वतः संज्ञान लिया और अपनी टीम को मौके पर भेजा। टीम ने शिविर में रह रहे पीड़ितों से बात कर स्थिति का जायजा लिया। आयोग ने राज्य सरकार से तीन हफ्ते के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। वहीं, महिला आयोग की अध्यक्ष विजया राहटकर ने महिलाओं और बच्चों की हालत पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि यहां की स्थिति बहुत खराब है। महिलाएं और बच्चे बेहद कठिन हालात में रह रहे हैं। उन्हें जबरन घरों से निकाला गया और वे गंभीर मानसिक आघात में हैं।

# बांग्लादेश को भारत की चेतावनी : भारत के मसलों में दखल न दे



■ **अपने यहां अल्पसंख्यकों की रक्षा पर फोकस करे**

**नयी दिल्ली :** भारत ने पश्चिम बंगाल में हुई हिंसा के बारे में बांग्लादेशी अधिकारियों के बयानों को शुक्रवार को खारिज कर दिया और बांग्लादेश को अपने यहां अल्पसंख्यकों के अधिकारों की सुरक्षा करने पर ध्यान देने की नसीहत दी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, हम पश्चिम बंगाल में हुईं घटनाओं के बारे में बांग्लादेश की ओर से दिए गए बयानों को खारिज करते हैं। यह बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न पर भारत की चिंताओं के साथ तुलना करने का एक कपटपूर्ण प्रयास है, जहां ऐसे कृत्यों के अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं। जायसवाल पश्चिम बंगाल के घटनाक्रम पर बांग्लादेश के अधिकारियों द्वारा की गई टिप्पणियों के संबंध में मीडिया के प्रश्नों का उत्तर दे रहे थे। उन्होंने कहा, अनुचित टिप्पणियां करने और खुद को पाक-साफ दिखाने के बजाय, बांग्लादेश को अपने अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के प्रेस सचिव शफीकुल आलम ने बृहस्पतिवार को भारत और पश्चिम बंगाल सरकार से अल्पसंख्यक मुस्लिम आबादी की पूर्ण सुरक्षा के लिए सभी कदम उठाने का आह्वान किया था। उन्होंने कहा था, हम मुसलमानों पर हुए हमलों की निंदा करते हैं जिससे जान-माल का नुकसान हुआ है। वक्फ संशोधन अधिनियम के खिलाफ मुस्लिम समुदाय के विरोध प्रदर्शन के बाद पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद समेत कुछ हिस्सों में पिछले कुछ दिन में सांप्रदायिक हिंसा हुई।

### बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के नेता का अपहरण, पीट-पीटकर हत्या की गई

**ढाका :** उत्तरी बांग्लादेश के दिनाजपुर जिले में हिंदू समुदाय के एक प्रमुख नेता को कथित तौर पर उनके घर से अगवा कर लिया गया और पीट-पीटकर उनकी हत्या कर दी गई। शुक्रवार को एक खबर में यह दावा किया गया। 'द डेली स्टार' अखबार ने पुलिस और परिवार के सदस्यों के हवाले से बताया कि ढाका से लगभग 330 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में दिनाजपुर के बसुदेबपुर गांव के निवासी भाबेश चंद्र रॉय (58) का शव बृहस्पतिवार रात बरामद किया गया। रॉय की पत्नी शांतना ने 'द डेली स्टार' को बताया कि उन्हें (रॉय) शाम करीब 4:30 बजे एक फोन आया और उन्होंने (शांतना) दावा किया कि अपराधियों ने घर पर उनकी मौजूदगी की पुष्टि करने के लिए यह फोन किया था। खबर में लिखा गया है, ''लगभग 30 मिनट बाद, दो मोटरसाइकिल पर चार लोग आए और कथित तौर पर भाबेश को परिसर से अगवा कर ले गए।'' इसमें बताया गया कि रॉय को नाराबारी गांव ले जाया गया, जहां उनके साथ क्रूरता से मारपीट की गई। रॉय बांग्लादेश पूजा उद्यापन परिषद की बिराल इकाई के उपाध्यक्ष और क्षेत्र में हिंदू समुदाय के एक प्रमुख नेता थे।

**RED-X**

B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

ईपीएफओ में बड़े पैमाने पर डिजिटल बदलाव, मई-जून में नया आईटी मंच शुरू होगा : मांडविया पृष्ठ 7

स्टालिन ने नीट एवं परिसीमन पर अमित शाह को चुनौती दी पृष्ठ 7

# सभी छिपे हुए नक्सली आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में शामिल हों : अमित शाह



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को सभी छिपे हुए नक्सलियों से यथाशीघ्र आत्मसमर्पण करने और मुख्यधारा में शामिल होने का आह्वान करते हुए कहा कि सरकार 31 मार्च 2026 से पहले देश को नक्सलवाद के अभिशाप से मुक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। शाह ने कहा कि कोबरा कमांडो और छत्तीसगढ़ पुलिस ने राज्य के बीजापुर जिले में संचालित विभिन्न अभियानों में आधुनिक हथियारों और विस्फोटक सामग्री के साथ 22 कुख्यात नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने कहा कि सुकमा के बड़ेसेट्टी पंचायत में 11 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है, जिससे यह पंचायत पूरी तरह नक्सल-मुक्त हो गई है। शाह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी एक पोस्ट में कहा, ''छिपे हुए नक्सलियों से मेरी अपील है कि मोदी सरकार की आत्मसमर्पण नीति को अपनाकर यथाशीघ्र हथियार डालें और मुख्यधारा में शामिल हों। इकत्तीस मार्च 2026 से पहले हम देश को नक्सलवाद के दंश से मुक्त करने के लिए संकल्पित हैं।'' केंद्रीय गृहमंत्री ने एक अन्य पोस्ट में कहा कि ''सुकमा (छत्तीसगढ़) में अन्य 22 नक्सलियों ने भी आत्मसमर्पण किया, जिससे आत्मसमर्पण करने वालों की कुल संख्या बढ़कर 33 हो गई है।'' उन्होंने कहा, ''नक्सलमुक्त भारत अभियान की दिशा में इस सफलता के लिए मैं सुरक्षा बल के जवानों और छत्तीसगढ़ पुलिस को बधाई देता हूं।'' गृहमंत्री ने मध्य प्रदेश के नीमच में बृहस्पतिवार को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि नक्सलवाद अब भारत के सिर्फ चार जिलों तक सीमित रह गया है। उन्होंने कहा, ''नक्सलवाद भारत के सिर्फ चार जिलों तक सीमित रह गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि 31 मार्च 2026 तक देश से यह समस्या समाप्त हो जाएगी। सीएपीएफ (केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल) और सीआरपीएफ, विशेषकर इसकी कोबरा बटालियन देश से नक्सलवाद को खत्म करने में प्रमुख भूमिका निभा रही है।'' कमांडो बटालियन फॉर रेजोल्यूट एक्शन (कोबरा) सीआरपीएफ की एक विशेष इकाई है, जो गुरिल्ला और जंगल युद्ध, विशेष रूप से नक्सली खतरे से निपटने में, अपनी दक्षता के लिए जानी जाती है।

### मुख्यमंत्री ममता ने गुड फ्राइडे पर दी शुभकामनाएं



**कोलकाता, समाज्ञा :** गुड फ्राइडे के अवसर पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रदेशवासियों और दुनिया भर के ईसाई समुदाय को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने इस दिन को तपस्या, प्रार्थना और बलिदान का प्रतीक बताया। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को अपने संदेश में कहा कि यह दिन आत्मचिंतन, संयम और त्याग का अवसर है। उन्होंने प्रार्थना की कि सभी ईसाई भाई-बहनों का यह दिन मंगलमय और शांतिपूर्ण हो। बता दें कि प्रत्येक वर्ष गुड फ्राइडे को प्रभु यीशु मसीह के बलिदान की स्मृति में मनाया जाता है। इस दिन, गिरजाघरों में विशेष प्रार्थनाएं होती हैं और श्रद्धालु मौन व्रत, उपवास तथा सेवा कार्यों में हिस्सा लेते हैं।

# भगवद् गीता, नाट्यशास्त्र की पांडुलिपियां यूनेस्को के 'विश्व स्मृति रजिस्टर' में अंकित



**नयी दिल्ली :** भगवद् गीता और भरत मुनि के नाट्यशास्त्र की पांडुलिपियां उन 74 नए दस्तावेजी विरासत संग्रहों का हिस्सा हैं जिन्हें यूनेस्को के 'विश्व स्मृति रजिस्टर' में शामिल किया गया है। यूनेस्को के अनुसार, 72 देशों और चार अंतरराष्ट्रीय संगठनों की वैज्ञानिक क्रांति, इतिहास में महिलाओं के योगदान और बहुपक्षवाद की प्रमुख उपलब्धियों पर प्रविष्टियां रजिस्टर में शामिल की गईं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में इसे '' दुनिया भर में हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण'' बताया। उन्होंने कहा, '' गीता और नाट्यशास्त्र को यूनेस्को के विश्व स्मृति रजिस्टर में शामिल किया जाना हमारे शाश्वत ज्ञान और समृद्ध संस्कृति की वैश्विक मान्यता है। गीता और नाट्यशास्त्र ने सदियों से सभ्यता और चेतना को पोषित किया है। उनकी अंतर्दृष्टि दुनिया को प्रेरित करती रहती है।'' नाट्यशास्त्र को कलाओं का एक मौलिक ग्रन्थ माना जाता है। यूनेस्को ने 17 अप्रैल को अपने विश्व स्मृति रजिस्टर में 74 नए दस्तावेजी विरासत संग्रह जोड़े, जिससे कुल अंकित संग्रहों की संख्या 570 हो गई है। केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने भी कहा कि यह भारत की सभ्यतागत विरासत के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। उन्होंने कहा कि यह भारत की शाश्वत मेधा और कलात्मक प्रतिभा का सम्मान है।

### जेईई (मेन) दूसरे संस्करण के परिणाम 19 अप्रैल तक घोषित किए जाएंगे: एनटीए

**नयी दिल्ली :** इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई (मेन) के दूसरे संस्करण के परिणाम 19 अप्रैल तक घोषित किए जाएंगे। एनटीए के अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अंतिम उत्तर कुंजी शुक्रवार तक जारी कर दी जाएगी। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, '' संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई)-मेन, 2025 के दूसरे संस्करण की अंतिम उत्तर कुंजी 18 अप्रैल को जेईई (मेन) वेबसाइट पर डाउनलोड के लिए उपलब्ध होगी। जेईई (मेन), 2025 के परिणाम 19 अप्रैल तक घोषित किए जाएंगे।'' एनटीए को अनंतिम उत्तर कुंजी में त्रुटियों के बारे में अभ्यर्थियों से कई शिकायतें मिली हैं। एजेंसी ने इस सप्ताह की शुरुआत में छात्रों से कहा था कि वे अंतिम उत्तर कुंजी की प्रतीक्षा करें और किसी निष्कर्ष पर न पहुंचें। परीक्षा 2, 3, 4, 7 और 8 अप्रैल को आयोजित की गई थी।

# सोनिया, राहुल ने एक पैसा भी निवेश किए बिना 2,000 करोड़ रुपये की संपत्ति हड़पने की योजना बनाई: भाजपा

**नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे कांग्रेस नेताओं को शुक्रवार को चुनौती दी कि वे अपने खिलाफ दर्ज मामलों के त्वरित व समयबद्ध निपटारे की गुहार लगाकर दिखाएं। इसके साथ ही पार्टी ने नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ ईडी की कार्रवाई के पीछे राजनीति को कारण बताने के लिए कांग्रेस की आलोचना की। सत्तारूढ़ भाजपा ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गांधी परिवार के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल करने के बाद विपक्षी पार्टी पर निशाना साधते हुए कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों पर साप्ताहिक समाचार पत्र में विज्ञापन के रूप में जनता का पैसा लगाने का आरोप लगाया, जिसे बहुत कम लोग पढ़ते हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने मांग की कि साप्ताहिक रूप से प्रकाशित और डिजिटल प्लेटफॉर्म चलाने वाले अखबार में कांग्रेस शासित राज्यों द्वारा विज्ञापनों पर खर्च की गई धनराशि का ब्यौरा सार्वजनिक किया जाना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस ने अखबार को अपने 'एटीएम' के रूप में इस्तेमाल किया है और गांधी परिवार ने अपनी जेब से एक पैसा लगाए बिना नेशनल हेराल्ड की 2,000 करोड़ रुपये की संपत्ति हड़पने की कोशिश की। ठाकुर ने कहा कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी दोनों मिलकर यंग इंडियन कंपनी के 76 प्रतिशत मालिक हैं, जिसे कांग्रेस ने 50 लाख रुपये का ऋण दिया था। भाजपा नेता ने कहा कि इसके बाद कंपनी ने कांग्रेस से संबद्ध समाचार पत्र एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड का अधिग्रहण कर लिया, जिसके पास विपक्षी पार्टी का 90 करोड़ रुपये बकाया था। उन्होंने पूछा कि क्या कोई राजनीतिक पार्टी ऋण दे सकती है। ठाकुर ने पूछा, यह भ्रष्टाचार का कांग्रेस मॉडल है। कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्री नेशनल हेराल्ड को दान नहीं देते, बल्कि विज्ञापनों के माध्यम से इसमें पैसा पहुंचाते हैं।

# प्रधानमंत्री मोदी ने एलन मस्क से बात की, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार में सहयोग पर चर्चा हुई



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिकी प्रशासन में अच्छा-खासा प्रभाव रखने वाले दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति एलन मस्क से शुक्रवार को बात की और प्रौद्योगिकी एवं नवाचार के क्षेत्रों में सहयोग की अपार संभावनाओं पर उनसे चर्चा की। मोदी ने मस्क से बात करने के बाद सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के जरिए बताया कि उन्होंने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। मस्क के व्यापारिक साम्राज्य में 'टेस्ला' और 'स्पेसएक्स' जैसी कंपनियां शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, ''एलन मस्क से बातचीत के दौरान विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इनमें इस साल की शुरुआत में वाशिंगटन डीसी में हमारी बैठक के दौरान शामिल किए गए विषय भी शामिल रहे। हमने प्रौद्योगिकी और नवोन्मेष के क्षेत्रों में सहयोग की अपार संभावनाओं पर चर्चा की।'' मोदी ने कहा, ''भारत इन क्षेत्रों में अमेरिका के साथ अपनी साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।'' मस्क को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले प्रशासन में सबसे प्रभावशाली व्यक्तियों में से एक माना जाता है। मस्क सरकारी दक्षता विभाग का नेतृत्व कर रहे हैं जिसका उद्देश्य सरकारी व्यय में कटौती एवं संघीय कार्यबल को कम करना है।





# गैंगस्टर से आतंकवादी बना हैप्पी पासिया अमेरिका में गिरफ्तार

## 16 आतंकी हमलों की साजिश रचने में वांछित



**चंडीगढ़ :** गैंगस्टर से आतंकवादी बने हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पासिया को अमेरिका में गिरफ्तार किया गया है। वह पंजाब में 14 ग्रेनेड हमलों सहित 16 आतंकवादी हमलों को अंजाम देने में वांछित था। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। पासिया (29) को अमेरिका के सैक्रामेंटो में एफबीआई और अमेरिकी आव्रजन विभाग के प्रवर्तन और निष्कासन संचालन (ईआरओ) द्वारा हिरासत में लिया गया था। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने पिछले साल सितंबर में चंडीगढ़ में एक घर पर हथगोले से हुए हमले के सिलसिले में पासिया पर जनवरी में पांच लाख रुपये का नकद इनाम घोषित किया था। पासिया और पाकिस्तान के आतंकवादी हरविंदर सिंह संधू उर्फ रिंदा उन चार आरोपियों में शामिल हैं जिनके नाम एनआईए ने आरोपपत्र में शामिल किए हैं। पंजाब पुलिस की जांच में पाया गया कि पासिया ने अपने स्थानीय सहयोगियों के माध्यम से आरोपियों को विस्फोटक, हथियार और अन्य सहायता उपलब्ध कराई थी। यह हमला पुलिस के एक सेवानिवृत्त अधिकारी को निशाना बनाते हुए सितंबर 2024 में किया गया था। पंजाब पुलिस द्वारा तैयार किए गए दस्तावेजों के अनुसार, पासिया के खिलाफ विभिन्न पुलिस थानों में कुल 33 प्राथमिकी दर्ज हैं और 10 'लुकआउट सर्कुलर' जारी किए गए हैं। पासिया अमृतसर जिले के पशिया गांव का रहने वाला है, वह अप्रैल 2018 में दुबई गया था और फरवरी 2019 में भारत लौट आया था। वह अक्टूबर 2020 में लंदन चला गया था और वहां से अमेरिका गया था।

### हैप्पी पासिया के प्रत्यर्पण के प्रयास जारी: पंजाब डीजीपी

पंजाब पुलिस प्रमुख गौरव यादव ने शुक्रवार को गैंगस्टर से आतंकवादी बने हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पासिया की अमेरिका में गिरफ्तारी को 'आतंकवाद के खिलाफ युद्ध की सफलता में एक बड़ी उपलब्धि' बताया और कहा कि उसके प्रत्यर्पण का प्रयास जारी हैं।

### गैंगस्टर से आतंकवादी बने पासिया के खिलाफ एनआईए के अनुरोध पर इंटरपोल ने जारी किया था 'ब्लू नोटिस'

**नयी दिल्ली :** अमेरिका में गिरफ्तार किए गए एवं गैंगस्टर से आतंकवादी बने हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पासिया के खिलाफ चंडीगढ़ ग्रेनेड हमला मामले की जांच के सिलसिले में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के अनुरोध पर इंटरपोल ने 'ब्लू नोटिस' जारी किया था। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इंटरपोल का 'ब्लू नोटिस' किसी आपराधिक जांच के संबंध में व्यक्ति की पहचान, ठिकाने या गतिविधियों के बारे में अतिरिक्त जानकारी एकत्र करने के लिए जारी किया जाता है। सूत्रों ने बताया कि पासिया पंजाब में कई आतंकवादी हमलों के सिलसिले में भी वांछित है और उस पर पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई तथा खालिस्तानी आतंकी समूह बीकेआई (बब्बर खालसा इंटरनेशनल) के साथ साठगांठ करने का आरोप है।

## प्रतिभाओं के अनुकूल वातावरण बनाएं

यह खबर चौंकाने वाली है कि बीते साल विदेश जाने वाले छात्रों की संख्या में 25 फीसदी की कमी आई है। जबकि अमेरिका जाने वाले छात्रों की संख्या में 36 और कनाडा जाने वाले छात्रों की संख्या में 34 फीसदी की कमी आई है। कमोबेश यही स्थिति ब्रिटेन की भी है। ये आंकड़े वर्ष 2024 के हैं। निश्चित तौर पर जब ट्रंप काल में उखाड़-पछाड़ के दौर के आंकड़े सामने आएंगे, तो वे ज्यादा चौंकाने वाले होंगे। एक समय था कि छात्रों में परदेस जाकर पढ़ाई करने का जुनून उफान पर था। हर साल मां-बाप खून-पसीने की कमाई से और अपना पेट काटकर बच्चों को पढ़ने के लिये विदेश भेज रहे थे। कहीं-कहीं तो खेत बेचकर और घर गिरवी रखकर बच्चों को विदेश पढ़ाने के लिए भेजने के मामले भी प्रकाश में आए। दरअसल, देश में बैंकों से एजुकेशन लोन मिलने की सुविधा ने भी छात्रों की विदेश यात्रा को सुगम बनाया। हर साल लाखों छात्र सुनहरे सपने लिये विदेश गमन कर रहे थे। ये जुनून पंजाब में विशेष रूप से देखा गया, जो कनाडा-अमेरिका आदि देशों में संपूर्ण भारत से जाने वाले छात्रों का साठ फीसदी था। जरूरी नहीं था कि ये सारे छात्र मेधावी थे और सब दुनिया के शीर्ष विश्वविद्यालयों में दाखिला पा रहे थे। इनमें कई विश्वविद्यालय ऐसे भी थे जो सिर्फ विदेशी छात्रों से कमाई करने के मकसद से चलाए जा रहे थे। वहीं कुछ विश्वविद्यालय ऐसे भी थे जो अवैध रूप से लोगों को विदेश भेजने वाले एजेंटों की कमाई का जरिया बने हुए थे। युवाओं को छात्र के रूप में इन देशों में भेजकर मोटी रकम वसूली जा रही थी। दरअसल, धीरे-धीरे छात्रों और उनके अभिभावकों को हकीकत का अहसास होता चला गया। उन्होंने महसूस किया कि वे मोटा पैसा खर्च करके जैसे-तैसे डिग्री तो पा सकते हैं, लेकिन ये नौकरी व ग्रीन कार्ड की गारंटी नहीं है। हां, कुछ छात्र किसी तरह छोटे-मोटे काम-धंधे करके अपनी पढ़ाई का खर्चा व घर का कर्जा उतारने का जुगाड़ जरूर कर लेते थे।

दरअसल, धीरे-धीरे अमेरिका, ब्रिटेन व कनाडा सरकारों के दुराग्रहों व उनकी प्राथमिकताओं ने छात्रों को खुरदुरी जमीन के यथार्थ से रूबरू करा दिया। छात्रों को एजेंटों ने जो सब्जबाग दिखाए थे, उनकी हकीकत सामने आने लगी। इसके अलावा कोरोना काल के बाद बिखरती अर्थव्यवस्थाएं, नौकरी के आकर्षक प्रस्तावों में कमी, वीजा मिलने में हो रही दिक्कतें, इन देशों के गोरी चमड़ी वाले लोगों के भारतीयों पर बढ़े हमलों ने छात्रों में मोहभंग की स्थिति उत्पन्न कर दी। बीते साल अमेरिका में कई भारतीय छात्रों पर नस्लीय हमले हुए। कई छात्रों की हत्या हुई और अनेक घायल हुए। कनाडा व ब्रिटेन में भारत विरोधी अभियानों तथा कनाडा में जस्टिन ट्रूडो के भारत विरोधी रवैये ने भी छात्रों का मोहभंग किया। वैसे देखा जाए तो विदेशी मुद्रा अर्जित करने के बजाय हम हर साल अरबों रुपये इन देशों को भेज रहे थे। दूसरी ओर छात्रों के विदेश जाने के मोहभंग होने का सार्थक पहलू यह भी है कि अब ये प्रतिभाएं देश में रहकर राष्ट्र के विकास में योगदान दे सकती हैं। कुदरत का नियम है कि अपनी उर्वरा भूमि में ही पौधे अनुकूल वातावरण के चलते खिलते-निखरते हैं। ये हमारे नीति-नियंताओं की विफलता है कि आजादी के सात दशक बाद भी हम देश को अंतर्राष्ट्रीय मानकों वाले विश्वविद्यालय नहीं दे पाये। सामान्य शिक्षा में कौशल विकास के गुण को विकसित नहीं कर पाए। छात्रों में सरकारी नौकरियां पाने की लालसा को रचनात्मक विकल्प नहीं दे पाये। अमेरिका की सिलिकॉन वैली से लेकर आईटी से जुड़ी तमाम बड़ी कंपनियों को भारतीय प्रतिभाएं चला रही हैं। आखिर क्यों हम भारतीय मेधाओं को देश में ऐसा वातावरण नहीं दे पा रहे हैं, कि वे नई खोजों व अनुसंधान से देश को लाभान्वित कर सकें। भारत दुनिया में सबसे ज्यादा युवाओं वाला देश है। यदि हम उनकी क्षमता,योग्यता और प्रतिभा का बेहतर उपयोग नहीं कर पा रहे हैं, तो यह हमारी बड़ी नाकामी है। देश के सत्ताधीशों को इस दिशा में गंभीरता से सोचना होगा कि क्यों छात्रों में विदेश जाने की होड़ लगी रहती थी। छात्रों को अनुकूल वातावरण देकर ही विकसित भारत के संकल्प पूरे हो सकते हैं।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 19 अप्रैल, शनिवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2081, फाल्गुन कृष्णपक्ष षष्ठी, 18:18 तक , नक्षत्र : मूल, 10:11 तक , योग : शिव, 24:43 तक, सूर्योदय: 5:13, सूर्यास्त: 17:58, चन्द्रोदय : 23:40, चन्द्रास्त: 09:26, शक सम्वतः 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : मेष, चन्द्र राशि : धनु, राहू काल : 08:26 से 10:01

## राशिफल

**मेष :** आज की शाम आप बच्चों के साथ बिताना पसंद करेंगे। ऐसा करने से आपके अंदर काफी ऊर्जा का संचार होगा। एक बढ़िया दिन की आप अनुभूति करेंगे।

**वृष :** आज आपका दोस्त किसी बड़ी जगह पर आपको आने के लिए ऑफर कर सकता है। आपके विचारों में परिवर्तन देखने को मिलेगा। आर्थिक लाभ का भरपूर फायदा उठाएं।

**मिथुन :** अगर आप काफी समय से किसी मुश्किल काम में फंसे थे तो उससे निकल सकते हैं। बेवजह के झगड़ों से बचें। मनोरंजन के लिए शाम के समय आप कहीं घूमने-फिरने जा सकते हैं।

**कर्क :** तनाव कम करने के लिए परिवार की मदद ले सकते हैं। भावनाओं में आकर कोई भी निर्णय लेने से बचें। परिवार के सदस्यों से विचार-विमर्श कर निर्णय लें।

**सिंह :** सेहत की चिंता से दूरी बनाएं। आस-पास के लोग आपको कोई सरप्राइज दे सकते हैं। बच्चों की शिक्षा पर खर्च बढ़ सकता है। लेकिन चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है।

**कन्या :** आपकी आज किसी से अचानक मुलाकात हो सकती है। जिसकी वजह से आपका दिन खुशनुमा बीतेगा। धार्मिक स्थल पर आप दिन में ज्यादातर समय बिता सकते हैं।

**तुला :** आज आप दिन भर ऊर्जा से भरपूर रहेंगे। भाई-बहन आपका काफी सहयोग कर सकते हैं। उनसे संबंध अच्छे बनाकर रखें। धैर्य रखें। किसी पुराने प्रेमी से बातचीत हो सकती है।

**वृश्चिक :** आज अपने स्वास्थ्य का भरपूर ध्यान रखें। खासतौर से खानपान को लेकर। नहीं तो आपको छोटी-मोटी स्वास्थ्य समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**धनु :** आज आप अपने आप को निखारने का प्रयास करें। काफी लाभ मिलेगा। मान-सम्मान भी मिलेगा। जिस काम को लेकर आप काफी चिंता में थे। वह भी आज संपन्न होने की संभावना है।

**मकर :** आज आपको आराम करने की जरूरत है। लंबी यात्रा का प्लान बन सकता है लेकिन इससे बचें नहीं तो शारीरिक थकावट का शिकार हो सकते हैं।

**कुम्भ :** आज आपकी दयालुता को लेकर लोग काफी सराहना कर सकते हैं। रिश्तों में गर्मजोशी बनी रहेगी। वित्तीय स्थिति को लेकर आप एक मजबूत स्थिति में रहेंगे।

**मीन :** मानसिक और शारीरिक रूप से थकावट का सामना करना पड़ सकता है। इससे बचने के लिए आपको योग की जरूरत है। भगवान की भजन करें।

# ग्रामीणों की खुशहाली के लिये मनरेगा का सशक्तिकरण हो



ललित गर्ग



ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज पर संसद की स्थायी समिति ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून (मनरेगा) के तहत प्रदान किए जाने वाले काम के दिनों की संख्या 100 से बढ़ाकर 150 दिन करने समेत श्रमिकों के दैनिक पारिश्रमिक को कम से कम 400 रुपये निर्धारित करने की सिफारिश की है, इन सिफारिशों से न केवल यह योजना अधिक सशक्त एवं प्रभावी होकर ग्रामीण जनजीवन के कमजोर लोगों के लिये राहत का माध्यम बनेगी, बल्कि ग्रामीण जीवन को नये भारत की बुनियाद बनायेगी। मनरेगा भारत सरकार द्वारा ग्रामीण गरीब एवं कमजोर लोगों के लिए उठाया गया एक क्रांतिकारी कदम है और वर्तमान में यह भारत में सबसे बड़ा स्व-लक्ष्यीकरण कार्यक्रम है। यह सामाजिक सुरक्षा, आजीविका सुरक्षा और लोकतांत्रिक सशक्तिकरण के माध्यम से ग्रामीण भारत में समावेशी विकास सुनिश्चित करने के लिए एक प्रभावशाली साधन है। जो नये भारत, सशक्त भारत, विकसित भारत का आधार होगा।

मनरेगा में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए सामाजिक अंकेक्षण और शिकायत निवारण तंत्र की व्यवस्था है, बावजूद मनरेगा में भी भ्रष्टाचार, अफसरशाही, अनियमितता, कोताही के कारण इस महत योजना पर भी समय-समय अंधेरा छाता रहा है। यों तो गिरावट हर स्तर पर है। समस्याएं भी अनेक मुखरित हैं पर राष्ट्रीय चरित्र को विघटित करने वाले भ्रष्टाचार एवं अनियमितता की काली छाया मनरेगा पर न पड़े, इसलिये स्थायी समिति का यह सुझाव स्वागतयोग्य है कि श्रमिकों की संतुष्टि, वेतन में देरी, भागीदारी के रुझान और योजना में वित्तीय अनियमितताओं पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। इसीलिये समिति ने मनरेगा से जुड़े कार्यक्रम की कमियों के बारे में अहम जानकारी प्राप्त करने और मनरेगा की प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए आवश्यक नीतिगत सुधारों को लागू करने के लिए देशभर में स्वतंत्र एवं पारदर्शी सर्वेक्षण की सिफारिश की है। समिति ने उभरती चुनौतियों के मद्देनजर योजना को नया रूप देने पर भी जोर दिया है। मनरेगा बदलते वक्त और उभरती चुनौतियों के बावजूद आज भी प्रासंगिक है।

मनरेगा ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पैदा करता है, जिससे लोगों को आय प्राप्त होती है और उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होता है, यह योजना टिकाऊ संपत्तियां जैसे सड़क, नहर, तालाब, कुएं बनाने पर जोर देती है, जो ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास में योगदान करती हैं। भारत आज भी गांवों का देश है, विकास की गंगा गांवों से होकर ही निकलती है। मनरेगा ग्रामीण परिवारों की आजीविका सुरक्षा को बढ़ाता है, खासकर उन क्षेत्रों में जहां अन्य रोजगार के अवसर सीमित हैं, यह श्रम शक्ति के सशक्तिकरण का प्रभावी माध्यम है। यह योजना ग्रामीण महिलाओं को रोजगार प्रदान करती है, जिससे वे सशक्त हो पाती हैं और समाज में सक्रिय भूमिका निभा पाती हैं। यदि किसी व्यक्ति को मनरेगा के तहत 15 दिनों के भीतर काम नहीं मिलता है, तो उन्हें बेरोजगारी भत्ता दिया जाता है, जो एक सुरक्षा जाल के रूप में कार्य करता है।

मनरेगा एक बहुआयामी योजना है, जिसके तहत विभिन्न उत्पादक परिसंपत्तियों का निर्माण किया जाता है, जैसे कि जल संरक्षण संरचनाएं, ग्रामीण सड़कें, और अन्य बुनियादी ढाँचे की परियोजनाएं, जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देती हैं। मनरेगा के तहत रोजगार एक कानूनी अधिकार है, जिसका अर्थ है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति को रोजगार का दावा करने का अधिकार है। इस दूरगामी एवं ग्रामीण जनजीवन के उन्नयन एवं उत्थान के कार्यक्रम के लागू होने के बाद लाखों मजदूरों को काम मिला है। पलायन में काफी हद तक कमी आई। मनरेगा ने साबित किया कि भारत में आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए वह आज भी उम्मीद की किरण है। इस कार्यक्रम से लाखों अकुशल श्रमिकों और महिलाओं को पूरे वर्ष में सौ दिन के रोजगार की गारंटी मिली। इससे बड़ी संख्या में ग्रामीण परिवार लाभान्वित हुए। यही वजह है कि इस कार्यक्रम में काम के दिन बढ़ाने की मांग अक्सर उठती रही है। अब संसद की स्थायी समिति ने भी मनरेगा पर भरोसा जताते हुए काम के दिनों की संख्या बढ़ा कर पांच महीने यानी डेढ़ सौ दिन करने और दैनिक पारिश्रमिक कम से कम चार सौ रुपए करने की सिफारिश की है, जो प्रासंगिक एवं बढ़ती महंगाई को देखते हुए जरूरी है। दरअसल, अभी इस कार्यक्रम के तहत मिलने वाली मजदूरी न्यूनतम जरूरतें एवं बुनियादी दैनिक खर्चों को पूरा करने के लिए भी अपर्याप्त हैं। मजदूरी वर्तमान आर्थिक वास्तविकताओं के अनुरूप हों और ग्रामीण श्रमिकों को सम्मानजनक पारिश्रमिक प्रदान करें। रोजगार योजना के लिए आबंटित राशि में लंबे समय से ठहराव पर समिति की चिंता इसी संदर्भ में है। कोई दो राय नहीं कि इसकी राशि बढ़ने से इसकी प्रभावशीलता बढ़ेगी।

समिति ने कहा, बदलते समय और उभरती चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए योजना में सुधार की आवश्यकता है। समिति मंत्रालय से उन विकल्पों पर विचार करने का आग्रह करती है, जिससे मनरेगा अधिक सशक्त, पारदर्शी एवं प्रभावी बन सके। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ग्रामीण विकास योजना को बल देने में सहायक है। हालांकि मनरेगा निरन्तर सवालों से घिरी रही है, इसमें वित्तीय अनियमितता की भी शिकायतें मिलती रही हैं। इसके प्रति श्रमिकों का रुझान घटने और मजदूरी देर से मिलने पर सवाल उठते रहे हैं। ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्रालय की स्थायी समिति ने तीन साल पहले मनरेगा का विश्लेषण करते हुए कई सुझाव दिए थे। तब उस समिति ने भी इस कार्यक्रम को नया रूप देने के लिए काम के गारंटीशुदा दिनों को सौ से बढ़ा कर डेढ़ सौ करने की सिफारिश की थी और सभी राज्यों में समान मजदूरी दर करने का सुझाव दिया था। अब संसद की समिति ने उन सुझावों पर एक तरह से मुहर लगाई है। अगर मनरेगा में नीतिगत सुधारों को लागू करने के लिए स्वतंत्र और पारदर्शी सर्वेक्षण होगा, तो इसके बेहतर परिणाम सामने आएंगे।

मनरेगा ने अपनी तार्किक सार्थकता साबित की है, लेकिन अभी इसमें व्यापक सुधारों की अपेक्षा है। देखने में आ रहा है मनरेगा से लाभान्वित लोगों को अक्सर बिना काम के ही राशि दी जा रही है, सरकार को इन लोगों की श्रम-शक्ति को देश-विकास के कार्यों में नियोजित करने पर भी ध्यान देना चाहिए। मनरेगा योजना के अन्तर्गत कौशल विकास पर बल दिया जाना चाहिए। योजना भले ही अकुशल श्रमिकों के लिए अवसर प्रदान करने पर केंद्रित है, लेकिन उन्हें अपने कौशल को विकसित करने और बढ़ाने का अवसर मिलने से यह योजना देश-विकास का माध्यम बन सकती है। वनीकरण, जल संरक्षण और सड़क निर्माण जैसी विभिन्न परियोजनाओं में उनकी भागीदारी से श्रमिकों को व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होगा। वे नए कौशल सीख सकते हैं जिनका उपयोग मनरेगा द्वारा प्रदान किए जाने वाले भविष्य के रोजगार अवसरों के लिए किया जाएगा। मनरेगा योजना सड़कों, नहरों, तालाबों और सिंचाई सुविधाओं जैसी परिसंपत्तियों के विकास का समर्थन करते हुए रोजगार प्रदान करें, इस योजना को कनेक्टिविटी, कृषि उत्पादकता, वन-विकास से भी जोड़ा जाना चाहिए ताकि प्राकृतिक संसाधनों को बचाने, पारिस्थितिक संतुलन को बहाल करने और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने में मदद मिल सके। जिससे ग्रामीण जीवन में नए मनुष्य का जन्म होगा। नई पात्रता का निर्माण होगा, जहां हमारी ग्रामीण संस्कृति पुनः अपने मूल्यों, विरासत एवं उपयोगिता के साथ प्रतिष्ठापित होगी।

मनरेगा योजना अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) सहित समाज के हाशिए पर पड़े समूहों को समान पहुँच प्रदान करने पर केंद्रित है। यह सुनिश्चित करता है कि इन कमज़ोर समूहों को रोज़गार तक समान पहुँच मिले और उनके साथ किसी भी तरह का भेदभाव न हो। ताकि एक संतुलित, समानतामूलक एवं आदर्श समाज-व्यवस्था को आकार दिया जा सके। मनरेगा योजना ग्रामीण विकास, गरीबी उन्मूलन, कौशल संवर्धन और पर्यावरणीय स्थिरता में महत्वपूर्ण आयाम बनकर सामने आये। तभी ग्रामीण परिवारों को सशक्त बनाने और भारत में ग्रामीण क्षेत्रों के व्यापक विकास को अवतरित करने का सूरज उदित हो सकेगा।

# मुंबई आतंकी हमले के मुख्य गुनहगार का अब होगा हिसाब



रोहित माहेश्वरी



17 लंबे सालों और कुछ महीनों के बाद देश को दहला देने वाले मुंबई आतंकी हमले के सूत्रधार रहे पाकिस्तानी मूल के तहव्वुर राणा का भारत प्रत्यर्पण हमारी बड़ी कानूनी व कूटनीतिक जीत है। 26 नवंबर 2008 को मुंबई हमला भारत में सबसे बड़े आतंकी हमलों में से एक था, जिसमें लश्कर के 10 आतंकवादियों ने देश की आर्थिक राजधानी में कई जगहों पर हमला किया था। उसमें 166 निर्दोष नागरिक मार दिए गए थे। सुरक्षा बलों ने 9 आतंकियों को भी ढेर किया था। करीब 300 लोग घायल हुए। एक आतंकवादी अजमल कसाब जिंदा पकड़ा गया था, जिसे बाद में फांसी दे दी गई। जिस समय ये आतंकी घटना घटी तब केंद्र में कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार थी और महाराष्ट्र में भी कांग्रेस की सरकार थी। उसके बाद छह साल तक केंद्र और महाराष्ट्र दोनों जगह कांग्रेस की सरकार रही। लेकिन उसने मुंबई पर हुए आतंकवादी हमले के दोषियों को पकड़ कर सजा दिलाने का कोई गंभीर प्रयास नहीं किया। पहले तो काफी समय तक कांग्रेस के नेता देश के हिंदू और राष्ट्रवादी संगठनों को ही इसके लिए जिम्मेदार ठहराते रहे थे। उसी समय 'हिंदू आतंकवाद' का जुमला खुलेआम कांग्रेस नेताओं की ओर से बोला जाने लगा था। लेकिन अब उस हमले के मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक तहव्वुर हुसैन राणा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों और सरकार की पहल से भारत लाया गया है तो विडम्बना देखिए कि कांग्रेस के नेता इसका भी श्रेय लेने सामने आ गए हैं।

भारत ने 2020 में प्रत्यर्पण का अनुरोध किया था। उसके बाद से ही अमेरिकी प्रशासन से लंबे संवाद के साथ कूटनीतिक और कानूनी दोनों मोर्चों पर लगातार प्रयास जारी रखे। भारत ने न केवल राणा की संलिप्तता के ठोस प्रमाण प्रस्तुत किए, बल्कि यह भी सुनिश्चित किया कि उसके साथ अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप व्यवहार किया जाएगा। इसके बाद, अमेरिकी अदालतों में लंबी कानूनी प्रक्रिया चली। राणा ने भारत में निष्पक्ष सुनवाई न होने का तर्क देने के साथ अपनी जान को खतरा बताते हुए प्रत्यर्पण का विरोध किया। यह मामला अमेरिकी न्याय व्यवस्था के विभिन्न स्तरों से गुजरते हुए समय लेता रहा। इसी फरवरी में प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान राष्ट्रपति ट्रंप ने राणा को भारत भेजने की घोषणा की थी। मुंबई हमले के 17 वर्षों बाद ही सही, तहव्वुर राणा का प्रत्यर्पण पाकिस्तान के लिए घबराहट भरा है। उसने यह कहते हुए राणा से दूरी बना ली है कि वह कनाडाई नागरिक है और बीते 20 वर्षों से उसने अपने पाकिस्तानी दस्तावेजों का नवीनीकरण नहीं कराया है। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प भी धन्यवाद के पात्र हैं, क्योंकि उनके प्रशासन के तहत ही राणा का प्रत्यर्पण संभव हो सका है। अब भारत में राणा के खिलाफ 'राष्ट्रीय जांच एजेंसी' (एनआईए) की अदालत में केस चलेगा। राणा के खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास, यूएपीए, भारत के खिलाफ युद्ध आदि की धाराओं के तहत केस चलेगा। बेशक बहुत देर हो चुकी है, लेकिन साक्ष्य आज भी जिंदा हैं। राणा भारत की गिरफ्त में है और सह-साजिशकार डेविड हेडली अब भी अमेरिकी जेल में कैद है। उसके प्रत्यर्पण की प्रक्रिया अभी शुरू भी नहीं हुई है। वह अमेरिकी नागरिक है। हालांकि भारतीय एजेंसियां एक बार उसके साथ सवाल-जवाब कर चुकी हैं। उसी के बाद वह 'सरकारी गवाह' किस्म का आरोपित बन गया था। भारत सरकार को उसे भी हासिल करने की कोशिशें छोडऩी नहीं चाहिए। बहरहाल एनआईए के आरोप-पत्र के मुताबिक, राणा ने भारत में ही हेडली से 231 बार संपर्क किया था। उन्होंने 8 रेकी मिशन भी चलाए थे और नरसंहार से पहले, अपने आखिरी मुंबई प्रवास के दौरान, राणा ने 66 फोन कॉल की थीं। राणा नवंबर, 2008 में ही दिल्ली में भी 11 दिनों तक ठहरा था। फिर पवई के एक होटल में रहा। आतंकी हमले से पहले राणा दुबई चला गया था। भारत सरकार का मकसद है कि अब तहव्वुर राणा के खुलासों के जरिए पाकिस्तान की आतंकी भूमिका, दुनिया के सामने, बेनकाब की जानी चाहिए। यह इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि भारत सरकार ने अमेरिकी प्रशासन को जो डोजियर भेजा था, उसमें राणा और हेडली के अलावा हाफिज सईद, जकीउर रहमान लखवी, इलियास कश्मीरी, साजिद मीर और आईएसआई के मेजर इकबाल से संबंधित ब्यौरे भी दिए गए थे। राणा को आईएसआई, हेडली और लश्कर-ए-तैयबा के दरमियान का संपर्क बताया गया था। अब इन खुलासों को भारत सरकार राणा के जरिए सत्यापित करना चाहती है। इनमें अधिकतर आरोपित पाकिस्तान में आज भी सक्रिय हैं। हालांकि, अब तक पाकिस्तान मुंबई आतंकी हमले में अपना हाथ होने से लगातार इनकार करता रहा है, लेकिन सभी प्राथमिक सूचनाएं और ठोस सबूत पाक की तरफ इशारा करते रहे हैं। वहीं दूसरी ओर वह अपनी धरती पर कुख्यात आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के बड़े गुर्गों को संरक्षण देकर उनका बचाव करता रहा है। ऐसे में हमारी जांच एजेंसियों के अधिकारी तहव्वुर राणा से सख्त पूछताछ से सच्चाई सामने लाने में सक्षम हो सकते हैं। साथ ही ठोस निष्कर्षों के आधार पर पाकिस्तान पर दबाव बना सकता है कि वह अपनी जमीन आतंकवादियों को पालने-पोसने में इस्तेमाल न होने दे। इसके अलावा आतंकी संगठनों पर पर्याप्त दबाव बनाए, ताकि फिर मानवता के खिलाफ मुबई हमले जैसे घटनाक्रम न दोहराए जा सकें। गौरतलब यह है कि यदि भारत सरकार नए सिरे से फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स यानी फाटफ के सामने, पाकिस्तान के खिलाफ, पुख्ता सबूत रखती है और फाट्फ पाकिस्तान को 'ग्रे लिस्ट' में डालने का फैसला करता है, तो दुनिया में पाकिस्तान को भीख मिलना भी मुश्किल हो जाएगा। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई, निर्णायक तौर पर, इसी तरह लड़ी जा सकती है।

तहव्वुर हुसैन राणा का अमेरिका से भारत प्रत्यर्पण एक कानूनी सफलता भर नहीं है, बल्कि यह हमारी उस राष्ट्रीय प्रतिबद्धता का प्रमाण भी है जिसमें हम न्याय की राह में कोई कसर नहीं छोड़ते, चाहे समय कितना भी बीत जाए। निश्चित रूप से इस सफलता में भारत के राजनीतिक व कूटनीतिक प्रयासों की भी बड़ी भूमिका रही है। भारतीय अधिकारियों ने इस दिन के लिये कड़ी मेहनत की। हालांकि, अभी इस रहस्य से पर्दा उठना बाकी है कि अमेरिका ने क्यों अपने नागरिक डेविड कोलमैन हेडली को भारत को सौंपने से परहेज किया। जबकि उसने इस बड़े अपराध में बड़ी भूमिका निभाई थी। यह सफलता तब ही पूर्ण मानी जाएगी जब इस साजिश में बड़ी भूमिका निभाने वाले डेविड कोलमैन हेडली का भारत प्रत्यर्पण हो सकेगा। जिसने मुंबई हमले से पूर्व आतंकियों द्वारा निशाने पर लिए गए जगहों की कई बार रेकी करके आतंकी सरगनाओं की मदद की थी। राणा और हेडली ने डेनमार्क पर भी आतंकी हमले की साजिश रची थी। उसका रहस्य खुल गया, लिहाजा दोनों ही जेल में थे।बहरहाल, इस प्रत्यर्पण से उन शहीदों के परिजनों को न्याय मिलने की उम्मीद जगी है, जिनकी इस आतंकी हमले में मृत्यु हुई थी। अब तक उनके परिजनों को इस बात का मलाल था कि सोलह साल बाद भी सभी अपराधियों को सजा नहीं मिली सकी है। एटीएस के प्रमुख हेमंत करकरे, इनकाउंटर स्पेशलिस्ट विजय सालस्कर और अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अशोक कामटे सहित इस हमले में मारे गए 166 लोगों को तभी न्याय मिलेगा, जब तहव्वुर हुसैन राणा जल्दी से जल्दी फांसी के फंदे पर लटकेगा। इसके बाद डेविड कोलमैन हेडली उर्फ दाऊद सैयद गिलानी की बारी होगी और फिर हाफिज सईद की भी बारी आएगी। राणा का प्रत्यर्पण न केवल भारत की न्याय व्यवस्था के लिए एक उपलब्धि है, बल्कि यह विश्व समुदाय के लिए भी एक संदेश है कि आतंकवाद के विरुद्ध कोई समझौता नहीं किया जाएगा। यह कदम उस वैश्विक एकजुटता को भी दर्शाता है जो आतंकवाद के खिलाफ आवश्यक है।

## वर्ग पहेली नं. 3067

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | | 3 | | ■ | 4 | |
| | ■ | 5 | | ■ | | ■ | 6 | | ■ |
| 7 | | | ■ | 8 | | 9 | ■ | 10 | 11 |
| | ■ | 12 | 13 | ■ | 14 | | 15 | ■ | |
| ■ | 16 | ■ | 17 | | | ■ | 18 | 19 | |
| ■ | 20 | | | ■ | ■ | 21 | | | ■ |
| 22 | | ■ | ■ | 23 | | | ■ | ■ | 24 |
| 25 | | 26 | | | ■ | 27 | | | |
| | ■ | | ■ | 28 | | | ■ | ■ | |

*बायें से दायें:-* 1) पीसने का यंत्र, 2) एक *अंग्रेजी* महीना, 4) चौपाया, 5) एक बिहारी तीर्थस्थान, 6) एक धातु, 7) दूसरा; अन्य, 8) धरती, 10) हिसाब; *एकाउंट,* 12) भुजा, 14) छोकरी, 17) अभी का, 18) स्वादप्रेमी, 20) झिरी; अलगाव, 21) कुल, 22) अंधा व्यक्ति, 23) शिलाखंड, 25) थका; चूर-चूर; चूर्णित, 27) खुसुरपुसुर, 28) चुनना.

*ऊपर से नीचे:-* 1) प्रत्यक्षदर्शी 2) सीता, 3) कुमार्गी, 4) आगे, 5) एक गुजराती नृत्यप्रकार, 9) दुलार, 11) एक गुजराती खाद्य पदार्थ, 13) कला, 15) बाँस, 16) मसाले की एक जड़, 19) मार्गकर, 21) भड़काना, 22) इत्तला, 23) वसा, 24) कढ़ाई, 26) ठिंगनी.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब | र | क़ | त | ■ | शा | न | दा | र | ■ |
| टु | ■ | द | ब | द | बा | ■ | ■ | ई | खा |
| आ | भा | र | ■ | र | स | दा | र | ■ | स |
| ■ | ■ | दा | मा | द | ■ | ग | ज | मु | खा |
| शै | ता | न | ■ | र | स | ■ | नी | ■ | स |
| ■ | की | ■ | अ | ■ | त | ला | श | ना | ■ |
| सू | द | ■ | स | म | त | ल | ■ | ■ | ज |
| र | ■ | स | म | स्त | ■ | टे | ढ़ा | प | न |
| त | बा | ही | ■ | क | ठि | न | ■ | री | ता |

**Mob. No. 08329510310**

## विदेश की खबरें

### अमेरिका में 1,000 से अधिक छात्रों के वीजा या देश में रहने की कानूनी अनुमति पर लगी रोक

**वाशिंगटन :** अमेरिका में 1,000 से अधिक विदेशी छात्रों के वीजा पर हाल के हफ्तों में रोक लगा दी गई है, जिसके बाद कई छात्रों ने ट्रंप प्रशासन के खिलाफ मुकदमे दायर करके दलील दी है कि सरकार ने उनसे अमेरिका में रहने की अनुमति अचानक वापस ले ली है। अमेरिका में रहने की कानूनी अनुमति वापस लेने के संघीय सरकार के फैसले के कारण सैकड़ों छात्रों के सामने हिरासत में लिये जाने और निर्वासित किए जाने का खतरा पैदा हो गया है। इन छात्रों में हार्वर्ड और स्टैनफोर्ड जैसे निजी विश्वविद्यालयों, मैरीलैंड विश्वविद्यालय व ओहियो स्टेट यूनिवर्सिटी जैसे बड़े सार्वजनिक संस्थानों और कुछ छोटे महाविद्यालयों के छात्र शामिल हैं। विश्वविद्यालय के बयानों, स्कूल अधिकारियों के साथ पत्राचार और अदालती रिकॉर्ड की 'एसोसिएटेड प्रेस' द्वारा की गई समीक्षा के अनुसार, मार्च के अंत से अब तक 160 कॉलेजों, विश्वविद्यालयों के कम से कम 1,024 छात्रों के वीजा रद्द कर दिए गए हैं या अमेरिका में रहने की उनकी कानूनी अनुमति वापस ले ली गई है।

### बुद्ध का पवित्र दंत अवशेष 16 साल बाद श्रीलंका में आम लोगों के दर्शन के लिए रखा गया

**कोलंबो :** भगवान बुद्ध के पवित्र दंत अवशेष को 16 साल के अंतराल के बाद शुक्रवार को श्रीलंका के केंद्रीय शहर कैंडी में आम लोगों के दर्शन के लिए रखा गया। यह जानकारी एक आधिकारिक बयान से मिली। श्रीलंकाई राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि यह आयोजन 10 दिनों तक 27 अप्रैल तक जारी रहेगा तथा आम लोग अवशेष स्थानीय समयानुसार दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक देख सकते हैं। बयान के अनुसार, भारत सहित 17 देशों के राजदूतों के लिए एक विशेष व्यवस्था के तहत कैंडी तक उनके लिए ट्रेन से यात्रा का इंतजाम किया गया है।

### सीरिया से 600 सैनिक वापस बुलाएगा अमेरिका

**वाशिंगटन :** अमेरिका सीरिया से लगभग 600 सैनिकों को वापस बुल-एगा जिससे आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट के आतंकवादियों से मुकाबला करने के लिए उसके 1,000 से भी कम सैनिक वहां रह जाएंगे। एक अमेरिकी अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने नाम गोपनीय रखने की शर्त पर यह जानकारी दी क्योंकि अभी तक सार्वजनिक रूप से इस संबंध में घोषणा नहीं की गई है। अमेरिकी सैनिक न केवल इस्लामिक स्टेट के खिलाफ अभियान में महत्वपूर्ण रहे हैं बल्कि तुर्किए के खिलाफ कुर्द बलों के लिए उनकी भूमिका अहम रही है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल के दौरान सीरिया से सभी सैनिकों को वापस बुलाने का प्रयास किया था लेकिन उन्हें पेंटागन के विरोध का सामना करना पड़ा क्योंकि उनके इस कदम को सहयोगियों को छोड़ने के रूप में देखा गया और पूरे विवाद के बीच पूर्व रक्षा मंत्री जिम मैटिस ने इस्तीफा दे दिया था।

# मालदह में नौकरी गंवाने वाले शिक्षकों ने 12 घंटे का किया भूख हड़ताल




**मालदह :** मालदह में नौकरी गंवाने वाले शिक्षकों ने भूख हड़ताल शुरू की। शिक्षकों ने शुक्रवार को पोस्ट ऑफिस चौराहे पर एक अस्थायी मंच बनाकर 12 घंटे के इस विरोध प्रदर्शन की शुरुआत की, जो सुबह 8 बजे से शाम 8 बजे तक चला। प्रदर्शनकारी शिक्षकों की मुख्य मांग है कि उनकी बहाली हो और पुलिस लाठीचार्ज और हिंसा का विरोध किया जाए। प्रदर्शन में मालदह के इंग्लिश बाजार और आसपास के दूरदराज के इलाकों से सैकड़ों शिक्षक शामिल हुए। शिक्षकों का कहना है कि राज्य में शिक्षा व्यवस्था को बदनाम करने और शिक्षक समाज पर अत्याचार करने की साजिश हो रही है। वे इस अन्याय के खिलाफ एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं। प्रदर्शन कर रहीं देवप्रिया चट्टोपाध्याय ने कहा कि हमारा यह 12 घंटे का अनशन शिक्षक समाज पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ है। राज्य में शिक्षा व्यवस्था को जानबूझकर बदनाम किया जा रहा है। हमारी मांग है कि योग्य शिक्षकों को उनकी नौकरी वापस दी जाए। हमने पूरे मालदह जिले के शिक्षक समुदाय को इस विरोध प्रदर्शन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। शिक्षकों का कहना है कि उनकी नौकरी छीने जाने से उनके परिवारों का भविष्य खतरे में है। इसके अलावा, पुलिस द्वारा प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज और हिंसक कार्रवाई ने उनके आक्रोश को और बढ़ा दिया है। वे सरकार से मांग कर रहे हैं कि उनकी बात सुनी जाए और बिना देरी के उनकी नौकरी बहाल की जाए। प्रदर्शन के दौरान शिक्षकों ने नारे लगाए और बैनर-पोस्टर के माध्यम से अपनी मांगों को सामने रखा। स्थानीय लोगों ने भी शिक्षकों के इस आंदोलन को समर्थन दिया। प्रदर्शनकारी शिक्षकों ने चेतावनी दी कि अगर उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो वे आंदोलन को और तेज करेंगे। शिक्षकों का कहना है कि वे शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात सरकार तक पहुंचाना चाहते हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि सरकार उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार करेगी और योग्य शिक्षकों को न्याय मिलेगा।

## एसएससी भर्ती प्रक्रिया में बड़े बदलाव की तैयारी, ओएमआर शीट की कार्बन कॉपी मिल सकेगी

### सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद सरकार ले सकती हैं फैसला

**कोलकाता, समाज्ञा :** सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) भर्ती प्रक्रिया में कई बदलाव कर सकता है। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने 31 मई तक नई भर्ती अधिसूचना जारी करने को कहा है। उससे पहले भर्ती प्रक्रिया में कई बदलाव की योजना है। एसएससी इन्हें प्रस्ताव के रूप में स्कूल शिक्षा विभाग को भेजने जा रही है। सरकार की अनुमति मिलने पर नियुक्ति नियमों में बदलाव किया जाएगा। स्कूल शिक्षा विभाग के सूत्रों के अनुसार, नए प्रस्ताव के अनुसार परीक्षार्थियों को उत्तर पुस्तिकाओं या ओएमआर शीट की कार्बन कॉपी मिल सकेगी। परीक्षण के बाद इसे घर भी ले जाया जा सकता है। यह प्रस्ताव सरकार को भेजा जाएगा। एसएससी सूत्रों के अनुसार, परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए परिणाम जारी होने से पहले ओएमआर शीट की कार्बन कॉपी ही नहीं, बल्कि विशिष्ट उत्तर पुस्तिकाएं भी प्रकाशित करने का प्रस्ताव किया गया है। फिर, अभ्यर्थी उत्तर पुस्तिका देखकर अंदाजा लगा सकेंगे कि किसे कितने अंक मिलेंगे। परीक्षा के बाद काउंसलिंग चरण में भी कुछ बदलाव किए जा सकते हैं। हालांकि, अभी सब कुछ विचार और चर्चा के चरण में है। सूत्रों के अनुसार, आयोग अप्रैल तक नए भर्ती नियम तैयार कर स्कूल शिक्षा विभाग को भेज देगा। यदि सरकार प्रस्ताव को मंजूरी दे देती है तो भर्ती प्रक्रिया उन नियमों के अनुसार शुरू हो जाएगी। बताया जा रहा है कि आयोग ने 2022 से भर्ती प्रक्रिया में बदलाव की पहल की थी। उस समय नए भर्ती नियमों का मसौदा तैयार किया गया था, जिसमें कई बदलाव किए गए थे। इसे शिक्षा विभाग को भी भेजा गया था। इस पर 2023 तक चर्चा हुई थी। लेकिन उसके बाद बातचीत आगे नहीं बढ़ी। हाल ही में, सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद एसएससी पुराने ड्राफ्ट को लेकर फिर सक्रिय हो गया है। पुराने मसौदे में कुछ और बदलाव करके उसे शिक्षा विभाग को वापस भेजा जाएगा। एसएससी अध्यक्ष ने इस संबंध में विभिन्न क्षेत्रीय प्रमुखों के साथ चर्चा शुरू कर दी है। कई बैठकें हो चुकी हैं।

## एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने एयू आईवी और एयू इटर्निटी ग्राहकों के लिए शुरू की कंसीयर्ज सेवाएं

**कोलकाता :** एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने अपने प्रीमियम बैंकिंग प्रोग्राम्स – एयू आईवी और एयू इटर्निटी के ग्राहकों के लिए विशेष कंसीयर्ज सेवा की शुरुआत की है। विशेष रूप से तैयार किया गया यह बैंकिंग प्रोग्राम एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के प्रतिष्ठित ग्राहकों को बैंकिंग के अलावा, उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करेगा। एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर और डिप्टी सीईओ, उत्तम टिबरेवाल ने कहा: हमें एयू आईवी और एयू इटर्निटी प्रोग्राम्स के ग्राहकों के लिए कंसीयर्ज सेवाओं की शुरुआत करते हुए बेहद खुशी हो रही है। इन सेवाओं के माध्यम से हम अपने यूएचएनआई ग्राहकों को विशेष जीवनशैली अनुभहम विश्वास है कि हमारे ग्राहक इन बेमिसाल सेवाओं और अनुभवों का भरपूर आनंद लेंगे।

## पति के अवैध संबंधों का भांडा फूटते ही मिला पत्नी का शव, हत्या का आरोप



**दक्षिण दिनाजपुर :** दक्षिण दिनाजपुर जिले के बंशिहारी थाना क्षेत्र स्थित बुनियादपुर नगरपालिका के वार्ड नंबर 1 में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां पति के विवाहेतर संबंध का भांडा फूटने के बाद पत्नी की हत्या कर शव को फंदे से लटकाने का आरोप उसके पति और परिवार के अन्य सदस्यों पर लगाया जा रहा है। मृत पत्नी का नाम पारुल सरकार (36) है। शुक्रवार की सुबह पारुल का शव उसके घर से फंदे से लटका बरामद हुआ। मिली जानकारी के अनुसार, बुनियादपुर निवासी पारुल सरकार ने नयन सरकार के साथ शादी की थी। दंपति के दो नाबालिग बच्चे है। पारुल के परिवारवालों का कहना है कि शुक्रवार सुबह जब उन्होंने पारुल का शव घर में लटका हुआ पाया, तो उसे तुरंत रसिदपुर ग्रामीण अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर बंशिहारी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए बालुरघाट जिला अस्पताल भेज दिया और घटना की जांच शुरू कर दी है।

## कोर्ट ने खारिज किया चंदा घोटाले का मामला, आंदोलन को बदनाम करने की साजिश बताकर भड़के जूनियर डॉक्टर



**कोलकाता :** आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज आंदोलन के दौरान जुटाए गए चंदे में अनियमितता के आरोपों को लेकर दर्ज मामला अब खत्म हो गया है। विधाननगर महकुमा अदालत ने इस मामले को खारिज कर दिया है। कोर्ट के फैसले के बाद जूनियर डॉक्टरों में राहत की लहर है, वहीं उन्होंने इसे एक सुनियोजित बदनामी आंदोलन को दबाने की कोशिश बताया है।

गौरतलब है कि पिछले साल 9 अगस्त को आर.. कर मेडिकल कॉलेज के सेमिनार हॉल से छात्रा तिलोत्तमा की लाश मिलने के बाद जूनियर डॉक्टरों ने सड़क पर उतरकर आंदोलन शुरू किया था। इसके बाद ही वेस्ट बंगाल जूनियर डॉक्टर्स नामक संगठन का गठन हुआ और आंदोलन के समर्थन में आम जनता से चंदा जमा हुआ। बताया गया कि इसमें कई करोड़ रुपये एकत्र हुए थे।

लेकिन कुछ ही समय में चंदे के दुरुपयोग के आरोप लगने लगे। तृणमूल समर्थकों समेत कुछ लोगों ने इस फंड को लेकर सवाल उठाए। एक व्यक्ति, राजू घोष, ने विधाननगर महकुमा अदालत में केस दायर किया था। उनका दावा था कि उन्होंने आंदोलन के समर्थन में 5,000 रुपये दिए थे, जिसकी रसीद नहीं मिली, और यह राशि गलत कामों में खर्च की गई।

अब कोर्ट ने इस याचिका को खारिज कर दिया है। कोर्ट के इस फैसले के बाद जूनियर डॉक्टरों ने साफ कहा कि आंदोलन को बदनाम करने और जनआंदोलन की आवाज को कुचलने के लिए ही यह मामला खड़ा किया गया था। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अनुदान का पूरा हिसाब-पत्र पारदर्शी तरीके से दिया गया था।

जूनियर डॉक्टरों का कहना है कि वे इस तरह के दबावों और साजिशों से डरने वाले नहीं है, और वे आगे भी जनता के स्वास्थ्य और न्याय के लिए लड़ाई जारी रखेंगे।

## नवन्ना अभियान में समर्थन माँगने पहुँचे बेरोज़गार प्रतिनिधि, सौरव गांगुली बोले – मुझे राजनीति में न घसीटें

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में शिक्षामित्र और नौकरी से वंचित उम्मीदवारों के आंदोलन को लेकर एक नया मोड़ आया जब मंगलवार को वंचित नौकरीप्रार्थी, कर्मचारी और बेरोज़गार एकता मंच के तीन प्रतिनिधि क्रिकेटर सौरव गांगुली के बेहाला स्थित घर पहुँचे। उनका अनुरोध था कि 'दादा' 21 अप्रैल को होने वाले नवन्ना अभियान में उनके साथ खड़े हों।

प्रतिनिधियों ने सौरव गांगुली के नाम एक सफेद लिफाफे में निमंत्रण पत्र भी लेकर गए थे। हालांकि उस समय सौरव गांगुली घर पर नहीं थे, जिस कारण उनकी प्रत्यक्ष भेंट नहीं हो सकी।

गौरतलब है कि सौरव गांगुली ने हमेशा से राजनीति से खुद को दूर रखने की कोशिश की है, फिर भी उन्हें राजनीतिक मुद्दों में घसीटने की कोशिशें अक्सर होती रही हैं।

शुक्रवार को उनके घर पर आयोजित एक पारिवारिक कार्यक्रम के दौरान जब पत्रकारों ने उनसे इस विषय पर सवाल किया, तो उन्होंने हाथ जोड़ते हुए साफ़ शब्दों में कहा–मुझे राजनीति में न घसीटें।

इस स्पष्ट वक्तव्य के साथ सौरव गांगुली ने यह जता दिया कि वे किसी राजनीतिक आंदोलन या प्रदर्शन का हिस्सा नहीं बनना चाहते। वहीं, नौकरी से वंचित प्रदर्शनकारियों का आंदोलन और 21 अप्रैल का नवन्ना मार्च अब भी चर्चा में बना हुआ है।

## विधानसभा में पहली बार दिखेगा सेलिब्रिटी विधायकों का रंगारंग प्रदर्शन, 23 अप्रैल को होगा भव्य कार्यक्रम

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल विधानसभा इस बार एक अनोखे आयोजन की गवाह बनने जा रही है। विधानसभा के स्टाफ रिक्रिएशन क्लब की पहल पर 23 अप्रैल को एक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें विधानसभा के सेलिब्रिटी विधायक अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे।

इस आयोजन को लेकर गुरुवार को विधानसभा अध्यक्ष बिमान बंद्योपाध्याय के कक्ष में एक बैठक भी हुई। अब तक जो तय हुआ है, उसके अनुसार मंत्री ब्रात्य बसु कविता पाठ करेंगे, जबकि मंत्री इंद्रनील सेन और बाबुल सुप्रियो संगीत प्रस्तुत करेंगे। अभिनेता और विधायक कंचन मलिक हास्य-प्रदर्शन करेंगे।

बंगाल की तीन लोकप्रिय महिला विधायक-अदिति मुंशी, सायंतिका बनर्जी और लवली मैत्रा-भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगी। अदिति मुंशी जहाँ गीत प्रस्तुत करेंगी, वहीं सायंतिका और लवली नृत्य प्रदर्शन करेंगी।

विधायक राज चक्रवर्ती और नयना बंद्योपाध्याय भी मंच पर नज़र आएंगे, हालांकि उन्होंने अभी तय नहीं किया है कि वे क्या प्रस्तुत करेंगे। अभिनेता और चित्रकार चिरंजीत चक्रवर्ती ने भी अपने प्रदर्शन को लेकर अभी कोई निर्णय नहीं लिया है।

इस पूरे आयोजन की योजना मंत्री इंद्रनील सेन के नेतृत्व में बनाई जा रही है। सूत्रों के अनुसार, एक सेलिब्रिटी विधायक ने प्रस्तुति के लिए विशेष उपकरणों की व्यवस्था हेतु आर्थिक सहायता भी मांगी है। कार्यक्रम में विपक्षी विधायकों को भी आमंत्रित किया गया है।

स्टाफ रिक्रिएशन क्लब द्वारा हर साल ऐसे सांस्कृतिक आयोजन होते हैं, लेकिन यह पहली बार होगा जब इतने बड़े पैमाने पर सेलिब्रिटी विधायकों की भागीदारी देखने को मिलेगी। विधानसभा परिसर में एक सांस्कृतिक उत्सव का यह रूप निश्चित ही दर्शकों के लिए एक नया अनुभव होगा।

## जादवपुर में आधी रात को बीजेपी जिला अध्यक्ष के घर पर पथराव, हमलावर अज्ञात



**कोलकाता, समाज्ञा :** जादवपुर में गुरुवार देर रात एक सनसनीखेज घटना में भारतीय जनता पार्टी के जादवपुर सांगठनिक जिला अध्यक्ष मनोरंजन जोद्दार के आवास पर अज्ञात हमलावरों ने पथराव कर दहशत फैला दी। घटना रात करीब 2:30 बजे की है, जब कुछ अज्ञात लोगों ने उनके घर को निशाना बनाकर एक के बाद एक पत्थर फेंके। इस हमले में मनोरंजन जोद्दार बाल-बाल बचे, जबकि उनकी पत्नी और बेटा बेहद डर गए। पथराव के दौरान घर की कई खिड़कियों के शीशे टूट गए और एक पत्थर सीधे उनके बेडरूम में आकर गिरा। उन्होंने बताया कि हमला इतना अचानक और तेज था कि परिवार को तुरंत उठाकर सुरक्षित स्थान पर ले जाना पड़ा। घटना की सूचना मिलते ही सोनारपुर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस इसे राजनीतिक रंजिश या असामाजिक तत्वों की शरारत मानकर दोनों एंगल से जांच कर रही है। हालांकि खबर लिखे जाने तक इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

## मास्टरजी ने कोलकाता पुलिस को 'हैप्पीनेस गारंटी प्रोग्राम' के तहत मानसिक सशक्तिकरण का दिया संदेश



**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रसिद्ध मोटिवेशनल लाइफ गाइड मास्टरजी को कोलकाता पुलिस द्वारा पुलिस ट्रेनिंग स्कूल में हैप्पीनेस गारंटी प्रोग्राम के अंतर्गत एक प्रेरणादायक सत्र के लिए आमंत्रित किया गया, जिसमें लगभग 250 पुलिस अधिकारियों ने हिस्सा लिया। इस पहल का उद्देश्य पुलिस बल के अंदर तनाव, चिंता और अवसाद जैसे मानसिक स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों को संबोधित करना था।

मास्टरजी ने अपने सत्र में बताया कि किस प्रकार वाणियां-जो विभिन्न धार्मिक ग्रंथों जैसे भगवद गीता, उपनिषद, बाइबिल आदि से प्रेरित हैं-व्यक्ति को तनावमुक्त करने, मानसिक संतुलन बनाए रखने और जीवन में शांति व आनंद लाने में सहायक होती हैं। उन्होंने पुलिसकर्मियों को सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने और आंतरिक शक्ति जागृत करने के व्यावहारिक उपाय बताए। मिशन 800 करोड़ के तहत मास्टरजी का लक्ष्य, दुनिया के हर व्यक्ति को मानसिक रूप से सशक्त बनाने का है। कोलकाता पुलिस द्वारा यह पहल पुलिस बल के मानसिक कल्याण की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

## अमादेर गोल्पो कौथा साहस और परिवर्तन की कहानियों के साथ लौटा

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता में शुक्रवार को भारतीय राष्ट्रीय पुस्तकालय के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी भाषा भवन में अमादेर गोल्पो कथा – द्वितीयो पर्व (द सागा ऑफ एम्पावरमेंट) का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन एनजीओ प्रकृति द्वारा किया गया, जिसमें 220 से अधिक बच्चों की क्रिएटिव आर्ट्स थेरेपी (सीएटी) के माध्यम से उनके पुनर्वास की यात्रा को प्रस्तुत किया गया। पश्चिम बंगाल के नौ सरकारी एवं सहायता प्राप्त बाल गृहों के बच्चों ने रंगमंच, नृत्य, दृश्य कला, आत्मरक्षा और बॉडी परकशन जैसे प्रदर्शन किए। कार्यक्रम में वरिष्ठ सरकारी अधिकारी, बाल कल्याण समितियों के अध्यक्ष, पुलिस अधिकारी, वकील और शैक्षणिक संस्थानों के प्रतिनिधि शामिल हुए। सभी ने बच्चों की रचनात्मकता और साहस की सराहना की। प्रकृति ने अपने समग्र दृष्टिकोण से बच्चों को सशक्त बनाने और सामाजिक पुनरावेश सुनिश्चित करने में एक प्रेरणादायक भूमिका निभाई, जिससे आशा और परिवर्तन का संदेश पूरे समाज में फैलाया गया।

## पूर्व रेलवे महिला कल्याण संगठन ने हरिजन बस्ती में चलाया विशेष वितरण कार्यक्रम




**कोलकाता, समाज्ञा :** हावड़ा के पूर्व रेलवे महिला कल्याण संगठन द्वारा एक विशेष वितरण अभियान का आयोजन किया गय। यह कार्यक्रम नरसिंह दत्ता रोड स्थित हरिजन बस्ती में किया गया। जहां बस्ती की वंचित महिलाओं के बीच 200 पर्यावरण-अनुकूल सैनिटरी नैपकिन (दस्तक) और खाने के सामान बांटे गए। इस कार्यक्रम का उद्देश्य मासिक धर्म स्वच्छता को लेकर जागरूकता फैलाना और जरूरतमंद महिलाओं को बुनियादी आवश्यकताएं उपलब्ध कराना था। इस कल्याणकारी पहल का नेतृत्व ईआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ, हावड़ा की अध्यक्षा रीना जायसवाल ने किया। जिसमें संगठन की सभी सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई। सामूहिक प्रयासों से कार्यक्रम को सफल बनाया गया, जिसे स्थानीय समुदाय ने सराहा और इसे एक सकारात्मक कदम बताया।

## लोको पायलटों को दी जा रही है बेहतरीन सुविधाएं, वर्किंग कंडीशन में हुआ सुधार



**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय रेलवे के लोको पायलट्स को बेहतर कार्य वातावरण और सुविधाएं प्रदान करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। पिछले 10 वर्षों में उनके कार्य शर्तों में व्यापक सुधार हुआ है। इन सुधारों के तहत, लोको पायलटों के रनिंग रूम को वातानुकूलित किया गया है और उन्हें अधिक सुविधाजनक बनाया गया है। 2014 से पहले देश के किसी भी रनिंग रूम में वातानुकूलन की सुविधा नहीं थी, लेकिन अब यह एक सामान्य प्रथा बन गई है। इसके अलावा, पिछले एक दशक में आधे से अधिक लोको केबिनों को एर्गोनोमिक सीटों, वातानुकूलन और अन्य आधुनिक सुविधाओं से लैस किया गया है। 2014 से पहले कोई भी लोको केबिन वातानुकूलित नहीं था। अब लोको पायलटों को बेहतर कार्यकंडीशन और आरामदायक वातावरण प्राप्त हो रहा है। नई लोकोमोटिव्स में शौचालय की व्यवस्था भी की जा रही है, जो पहले कभी निर्माण योजना का हिस्सा नहीं थी। पुराने लोकोमोटिव्स में शौचालय लगाने के लिए रेट्रोफिटिंग की जा रही है, और इसके लिए डिजाइन में भी संशोधन किए जा रहे हैं। इसके साथ ही, जिन मार्गों पर भारी ट्रैफिक रहता है, वहां नए रनिंग रूम बनाए जा रहे हैं। इन प्रयासों के चलते लोको पायलट्स के कार्य घंटों में भी उल्लेखनीय कमी आई है, जिससे उनकी कार्यकुशलता में सुधार हुआ है। लोको पायलटों को ऑनबोर्ड सुविधाएं, उन्नत तकनीकी उपकरण और पर्याप्त विश्राम समय दिया जा रहा है, जिससे उनका कार्य वातावरण और जीवनशैली लगातार बेहतर हो रही है। मालगाड़ी, सबअर्बन ट्रेन, पैसेंजर और मेल एक्सप्रेस गाड़ियों के लोको पायलटों के लिए शौचालय ब्रेक और स्नैक्स की व्यवस्था भी की जा रही है।

## पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल ने मनाया विश्व धरोहर दिवस




**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल ने शुक्रवार को हावड़ा रेल संग्रहालय में विश्व धरोहर दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए। इस वर्ष का थीम आपदा और संघर्ष-प्रतिरोधी धरोहर है। जिसके अंतर्गत सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण और उन्हें आपदाओं तथा मानवीय संघर्षों से सुरक्षित रखने की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया गया। हावड़ा मंडल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की श्रृंखला में कई जागरूकता अभियानों और संवाद सत्रों का आयोजन किया गया, जिनका उद्देश्य रेलवे कर्मचारियों को भारतीय रेल की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के महत्व से अवगत कराना था। कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक संरक्षण विधियों को आधुनिक तकनीकों के साथ जोड़ने पर भी विशेष बल दिया गया, ताकि मंडल के अंतर्गत आने वाली धरोहर संरचनाओं का दीर्घकालिक संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके।

## आईपीएल मैच के बाद क्रिकेट प्रेमियों के लिए आधी रात को मेट्रो की विशेष सेवाएं

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता मेट्रो रेलवे ने 21 अप्रैल को ईडन गार्डन्स में कोलकाता नाइट राइडर्स द्वारा खेले जाने वाले आईपीएल टी-20 मैच के बाद क्रिकेट प्रेमियों की सुविधा के लिए विशेष मेट्रो सेवाएं चलाने की घोषणा की है। यह सेवाएं ब्लू लाइन और ग्रीन लाइन-2 पर उपलब्ध होंगी। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल और कोलकाता नाइट राइडर्स के प्रतिनिधि गेम प्लान स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के अनुरोध पर यह निर्णय लिया गया है, जिससे कोलकाता और उपनगरों से आए दर्शकों को रात में सुरक्षित और सुगम यात्रा मिल सके। इन विशेष ट्रेनों के लिए केवल ओल्ड एस्प्लानेड और न्यू एस्प्लानेड मेट्रो स्टेशनों पर टिकट काउंटर खुले रहेंगे, जहां यात्री स्मार्ट कार्ड, टोकन और पेपर आधारित क्यूआर टिकट प्राप्त कर सकेंगे। इन सेवाओं के लिए सामान्य किराये के अलावा 10 का अतिरिक्त शुल्क लिया जाएगा। ब्लू लाइन पर एस्प्लानेड से दो दिशाओं में मेट्रो चलाई जाएंगी। पहली ट्रेन दक्षिणेश्वर की ओर 00:00 बजे प्रस्थान करेगी और 00:33 बजे पहुंचेगी। दूसरी ट्रेन कवि सुभाष की ओर भी उसी समय प्रस्थान करेगी और उसी समय पहुंचेगी। दोनों ट्रेनें सभी स्टेशनों पर रुकेंगी। वहीं, ग्रीन लाइन-2 पर एक विशेष ट्रेन एस्प्लानेड से हावड़ा मैदान के लिए 00:00 बजे चलेगी और 00:08 बजे पहुंचेगी।

## रेल यातायात को प्रभावित करने वाली घटनाओं पर रेलवे ने दी कड़ी चेतावनी, हो सकती है सजा

**कोलकाता, समाज्ञा :** हाल ही में कुछ घटनाएं सामने आई हैं, जहां कुछ लोगों ने विरोध के नाम पर ट्रेनों की आवाजाही को प्रभावित किया। सियालदह डिवीजन प्रतिदिन लगभग 15 से 18 लाख रेल यात्रियों की सेवा करता है और इस प्रकार के आंदोलन से रेल यातायात में अवरोध उत्पन्न होता है, जो लाखों यात्रियों के लिए नुकसान और कठिनाइयों का कारण बनता है। हालांकि, गंभीर चिंता के साथ यह देखा जा रहा है कि कुछ लोग रेलवे स्टेशनों पर आंदोलन और विरोध के नाम पर रेल यातायात को अवरुद्ध कर रहे हैं। रेलवे एक्ट 1989 की धारा 174 के तहत ऐसे कृत्य दंडनीय हैं, और अपराधी को दो साल तक की सजा और 2000 तक का जुर्माना हो सकता है। रेल यातायात को अवरोध करने से यात्रियों की सुरक्षा पर गंभीर खतरा उत्पन्न होता है। रेलवे ने जनता से अपील की है कि वे इस प्रकार की गतिविधियों से बचें, जो सार्वजनिक सेवाओं को बाधित करती हैं। यदि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोहराई जाती हैं, तो अधिकारियों को अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी पड़ेगी। रेलवे ने एक बार फिर कहा है कि रेल यातायात को रोकना कोलकाता और उपनगरों की जीवन रेखा है, और इसे किसी भी परिस्थिति में बाधित नहीं किया जा सकता।

## गोदरेज के बीआईएस और आईएसओ प्रमाणित सेफ़्स विश्वसनीयता, तकनीक और मानकों का समन्वय

**कोलकाता :** गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप का सिक्योरिटी सॉल्यूशन्स बिज़नेस उपभोक्ताओं को प्रमाणित और अत्याधुनिक सुरक्षा समाधान उपलब्ध कराते हुए उन्हें सशक्त बना रहा है। बदलते समय में जहां सुरक्षा की ज़रूरतें तेजी से विकसित हो रही हैं, वहीं उपभोक्ताओं का भरोसा और उत्पादों की विश्वसनीयता पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। बीआईएस (भारतीय मानक ब्यूरो) और आईएसओ जैसे सख्त गुणवत्ता मानकों पर खरा उतरते हुए, गोदरेज उद्योग जगत में उच्चतम स्तर की पारदर्शिता और भरोसेमंद सुरक्षा उपकरणों की दिशा में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। गोदरेज सिक्योरिटी सॉल्यूशन्स बिज़नेस के कार्यकारी उपाध्यक्ष एवं व्यवसाय प्रमुख, पुष्कर गोखले ने उपभोक्ता संरक्षण में प्रमाणन की भूमिका पर जोर देते हुए कहा, 'वर्तमान समय में, जब सुरक्षा को लेकर चुनौतियां बढ़ रही हैं, यह आवश्यक हो गया है कि उपभोक्ताओं को केवल प्रमाणित, भरोसेमंद और उच्च गुणवत्ता वाले समाधान ही मिलें। बीआईएस और आईएसओ जैसे प्रमाणपत्र इस दिशा में हमारी गुणवत्ता और पारदर्शिता की प्रतिबद्धता को प्रमाणित करते हैं।'

## वक्फ अधिनियम रद्द करने की मांग पर 'ब्रिगेड चलो' का आह्वान

**कोलकाता, समाज्ञा :** वक्फ अधिनियम के विरोध को लेकर राज्य में उथल-पुथल मची हुई है। मुर्शिदाबाद, मालदह के साथ-साथ भांगड़ में भी दंगे भड़क गए। अल्पसंख्यक समुदाय के लोग कानून को निरस्त करने के विरोध में सड़कों पर उतर आए। पिछले सप्ताह राज्य भर में क्या हुआ, यह सभी जानते हैं। इस बार, इस कानून को निरस्त करने की मांग को लेकर 'ब्रिगेड चलो' का आह्वान किया गया है। पीरजादा फुरफुरा में विभिन्न स्थानों पर विरोध सभाएं आयोजित कर रहे हैं। इसी कड़ी में, शुक्रवार को ऐसी ही एक बैठक में ब्रिगेड में एक रैली का आह्वान किया गया है। बताया गया कि यह रैली मुस्लिम लॉ बोर्ड द्वारा आयोजित की जाएगी।

## तारकेश्वर-बिष्णुपुर नई रेल लाइन परियोजना बदलेगी पूरे क्षेत्र का सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे की महत्वाकांक्षी तारकेश्वर-बिष्णुपुर नई रेल लाइन परियोजना क्षेत्रीय विकास, पर्यटन और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह परियोजना बिष्णुपुर के ऐतिहासिक टेराकोटा मंदिरों को तारकेश्वर के प्रसिद्ध शिव मंदिर से जोड़ने के साथ-साथ रामकृष्ण परमहंस और माता शारदा देवी के जन्मस्थलों-कामारपुकुर और जयरामबटी-को भी जोड़ने का कार्य करेगी, जिससे धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। वर्तमान में यह पूरा धार्मिक-पर्यटन परिपथ मुख्यतः सड़क परिवहन पर निर्भर है, जो समय और लागत की दृष्टि से कष्टदायक है। हावड़ा से गोघाट तक लोकल ट्रेन से यात्रा में 2 घंटे 30 मिनट लगते हैं और बिष्णुपुर तक रेल संपर्क बनने पर यह दूरी 3 घंटे में तय हो सकेगी। जहां ट्रेन का किराया 30 रुपये के आसपास होगा, वहीं बस यात्रा में 5 घंटे से अधिक समय और 150 रुपये तक खर्च आता है। 82.50 किमी लंबे रेलमार्ग में से अब तक 72.07 किमी (87%) कार्य पूरा हो चुका है। शेष गोघाट-जयरामबाटी खंड (10.43 किमी) को इस वर्ष चालू करने का लक्ष्य है। हालांकि, भाबादीघी तालाब के पास 900 मीटर हिस्से में स्थानीय विरोध के चलते मार्च 2016 से कार्य रुका हुआ है, जबकि यह हिस्सा केवल 3 एकड़ में फैला है और रेलवे द्वारा अधिग्रहीत किया जा चुका है। तकनीकी कारणों से लाइन का संरेखण बदलना संभव नहीं है।

इस परियोजना में 7 वर्षों की देरी और 270 करोड़ रुपये की लागत वृद्धि हो चुकी है। कोलकाता हाई कोर्ट ने इसे जनहित में बताते हुए तीन माह में कार्य शुरू करने का निर्देश दिया है। पूर्व रेलवे राज्य प्रशासन के सहयोग से इसे शीघ्र शुरू करने को तैयार है और सभी हितधारकों से इस परियोजना के सफल और समयबद्ध पूर्णता हेतु सहयोग की अपील की है।

# पुरानी रंजिश के चलते एक व्यापारी का अपहरण, पुलिस ने 6 घंटे में बचाया

**❑ पुलिस ने घटना में पंच बदमाशों को किया गिरफ्तार**

**हुगली, समाज्ञा :** पुरानी रंजिश के चलते एक व्यापारी का अपहरण और बाद में पत्नी को फोन कर धमकी देते हुए पांच लाख रुपये की फिरौती मांगी गई। पुलिस ने शिकायत मिलने के 5-6 घंटे के भीतर ही व्यापारी को बचा लिया। साथ ही, घटना में 5 लोग गिरफ्तार किया गया। जानकारी के अनुसार, यह घटना गुरुवार की रात हुगली के हरिपाल थाना क्षेत्र में घटी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गुरुवार की रात करीब 10.30 बजे हरिपाल पुलिस स्टेशन में शिकायत मिली कि



स्थानीय व्यापारी शुकुर अली का दोपहर में अपहरण कर लिया गया है। वह अपने बच्चे को स्थानीय इंदिरा मंदिर स्कूल में छोड़ते समय लापता हो गए। काफी देर तक जब व्यापारी घर नहीं लौटा तो उसके पिता उसे ढूंढने स्कूल गए। हालांकि, उसने शुकुर की बाइक वहां पड़ी देखी। घर वापस लौटें और अपने परिवार को इसके बारे में बताएं। आरोप है कि दोपहर करीब 3.30 बजे शुकू की पत्नी को पांच लाख रुपये की फिरौती की मांग करते हुए धमकी मिली। फिर, रात करीब 10:30 बजे परिवार ने पुलिस में अपहरण की शिकायत दर्ज कराई। एफआईआर दर्ज करने वाले आईओ सुब्रत संधू ने मामले की जांच शुरू कर दी है। साइबर सेल से मदद मांगी गई। पता चला है कि अपहरणकर्ताओं ने शुकुर अली को पांडुआ थाना क्षेत्र में छिपा रखा है। पांडुआ पुलिस स्टेशन के ओसी को सूचित किया गया। मोबाइल फोन से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने पांडुआ थाना क्षेत्र में एक घर पर छापा मारा और व्यवसायी को मुक्त करा लिया। वहां से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उनसे पूछताछ की और तीन और लोगों को गिरफ्तार किया। ये सभी जोयेरबाजार थाना क्षेत्र के निवासी हैं। शुरुआती जांच में पुलिस को पता चला है कि बदमाशों ने पैसों के लेन-देन को लेकर व्यापारी का अपहरण किया था। यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि क्या इस घटना में कोई और भी शामिल था, अपहरण के पीछे सिर्फ व्यापारिक प्रतिद्वंद्विता थी या अन्य कारण थे।

## नशे में धुत पुलिस कर्मी ने दो ग्रामीणों को मारी टक्कर, एक महिला गंभीर रूप से घायल

**हुगली :** जिस पुलिस पर जनता की सुरक्षा का जिम्मा है, वही अगर नशे में वाहन चलाए तो हादसे होना कोई आश्चर्य की बात नहीं। हुगली जिले के पांडुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवराय गांव में ऐसा ही एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहाँ नशे में धुत एक पुलिसकर्मी द्वारा चलाए जा रहे वाहन ने दो ग्रामीणों को टक्कर मार दी। इस हादसे में एक बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से घायल हुई हैं।



स्थानीय सूत्रों के अनुसार, एक पुलिसकर्मी ने रातभर एक निजी समारोह में शराब का सेवन किया और उसके बाद स्वयं वाहन चलाकर पांडुआ की ओर रवाना हुआ। जब वह शिवराय गांव पहुंचा, तो नशे की हालत में वाहन से नियंत्रण खो बैठा। पहले उसने एक महिला को, फिर एक अन्य व्यक्ति को टक्कर मारी और अंततः एक पेड़ से जा टकराया। हादसा इतना भीषण था कि इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और घायलों को मगरा ग्रामीण अस्पताल पहुँचाया। वहाँ से एक व्यक्ति को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई, लेकिन गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग महिला गौरी मालिक को चूंचूड़ा इमामबाड़ा सदर अस्प-ताल में रेफर किया गया है।

इस हादसे के बाद एक और चौंकाने वाला तथ्य सामने आया कि जिस पुलिस वाहन से दुर्घटना हुई, उसके पास कोई वैध कागजात नहीं थे-न बीमा, न फिटनेस सर्टिफिकेट, न ही टैक्स भुगतान का कोई प्रमाण। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि जो पुलिसकर्मी आम जनता से वाहन दस्तावेज़ों की जांच कर चालान काटते हैं, उनके अपने वाहन यदि अवैध हों, तो वे खुद कितने उत्तरदायी हैं?

घटना को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। स्थानीय लोगों ने दोषी पुलिसकर्मी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई, पद से निष्कासन और विभागीय जांच की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यह मामला उस कहावत को चरितार्थ करता है- मेरे सैंया ही कोतवाल, अब डर काहे का?

### गोदरेज इंडस्ट्रीज के केमिकल्स व्यवसाय ने सवाना सर्फेक्टेंट्स लिमिटेड का व्यवसाय अधिग्रहित किया

**कोलकाता :** गोदरेज इंडस्ट्रीज के केमिकल्स व्यवसाय ने आज सवाना सर्फेक्टेंट्स लिमिटेड के फूड एडिटिव्स व्यवसाय के अधिग्रहण के साथ एक बिजनेस ट्रांसफर प्रक्रिया को पूरा करने की घोषणा की। ओलियोकेमिकल्स, सर्फेक्टेंट्स, स्पेशलिटी और बायोटेक क्षेत्रों में एक अग्रणी खिलाड़ी के रूप में, यह सौदा कंपनी को वैश्विक खाद्य एवं पेय पदार्थ उद्योग के लिए अपने उत्पाद पोर्टफोलियो का विस्तार करने में मदद करेगा। गोदरेज इंडस्ट्रीज (केमिकल्स) के कार्यकारी निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, विशाल शर्मा ने कहा, हम इस वित्तीय वर्ष की शुरुआत में इस अधिग्रहण को पूरा करके प्रसन्न हैं। यह अधिग्रहण हमारी लाभकारी और सतत विकास की रणनीति के अनुरूप है।

## हड़ोआ में हथियार तस्करी का भंडाफोड़, एसटीएफ ने चार तस्करों को दबोचा



**❑ दो बंदूक समेत चार आग्नेयास्त्र और चार राउंड गोलियां बरामद**

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल एसटीएफ ने उत्तर 24 परगना के देगंगा से चार हथियार तस्करों को गिरफ्तार किया है। दो डबल बैरल बंदूकों सहित कुल चार आग्नेयास्त्र और चार राउंड कारतूस बरामद हुए हैं। एसटीएफ ने बताया कि हथियार बिहार से देगंगा बिक्री के लिए लाया गया था। गुप्त सूत्रों से सूचना मिलने के बाद एसटीएफ ने छापेमारी कर उन्हें हथियारों के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए लोगों के नाम अमीरुल मंडल, हबील मोल्ला, अबू शाहिद हाजी और गियासुद्दीन गाजी हैं। गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ में पता चला कि हथियार बेचे जाने थे। एसटीएफ इस बात की जांच कर रही है कि ये हथियार का खरीददार कौन है। गिरफ्तार तस्करों को बारासात अदालत में पेश किया गया।

## कैफे से 2.53 लाख की चोरी का खुलासा, कर्मचारी गिरफ्तार

**कोलकाता :** बालीगंज थाना अंतर्गत दर्ज एक चोरी के मामले का पुलिस ने सफलतापूर्वक खुलासा किया है। यह मामला कैफे में हुई चोरी से जुड़ा है, जिसकी शिकायत कैफे के मैनेजर तनवीर रहमान ने दर्ज कराई थी।



शिकायत के अनुसार, 17 अप्रैल को रात 2:15 बजे से सुबह 9:15 बजे के बीच किसी ने कैफे के कैश ड्रॉअर में रखे करीब 2,53,000/- की नकदी चुरा ली। जांच के दौरान पता चला कि सुबह करीब 4:30 बजे किसी ने जानबूझकर कैफे की बिजली आपूर्ति बंद कर दी, जिससे सीसीटीवी फुटेज नहीं मिल पाया। प्राथमिक जांच में मामला अंदरूनी मिलीभगत का प्रतीत हुआ, इसलिए सभी स्टाफ के कॉल डिटेल्स खंगाले गए।

जांच में सामने आया कि एक कर्मचारी चंचल भुनिया (22 वर्ष) ने घटना के समय रैपिडो की ऑटोमैटिक सेवा को कॉल किया था। रैपिडो नोडल टीम की मदद से उसे चिन्हित किया गया।

छापेमारी में आरोपी को उसके निवास से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने जुर्म कबूल किया और उसकी निशानदेही पर 49,920 नकद बरामद किया गया। आगे की जांच में उसने बताया कि चोरी की गई राशि से उसने अपनी प्रेमिका के जन्मदिन पर एक आईफोन 16 प्रो मैक्स (कीमत 1,53,000) खरीदा था, जिसे उसकी प्रेमिका के पास से बिल सहित बरामद कर लिया गया।

आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने कई महीनों तक इस योजना को अंजाम देने की तैयारी की थी और कैश ड्रॉअर की डुप्लिकेट चाबी भी बना ली थी। मामले की जांच अभी जारी है।

## मुर्शिदाबाद से लेकर नकली दवाइयों तक, नबन्ना में शनिवार को 12 विभागों के साथ होगी अहम समीक्षा बैठक

**कोलकाता :** प्रशासनिक गतिविधियों की समीक्षा और विभिन्न योजनाओं की प्रगति पर चर्चा के लिए नबन्ना में शनिवार को एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की जाएगी। मुख्य सचिव मनोज पांथे इस बैठक की अध्यक्षता करेंगे, जिसमें राज्य के 12 प्रमुख विभागों के अधिकारी, जिला शासक और अतिरिक्त जिला शासक शामिल रहेंगे।

नबन्ना सूत्रों के अनुसार, इस बैठक में जिन विभागों को शामिल किया गया है, उनमें गृह विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आपदा प्रबंधन, बिजली, लोक स्वास्थ्य और तकनीकी, सिंचाई, भूमि और भूमि राजस्व, कृषि, उद्योग, सूक्ष्म एवं कुटीर उद्योग, पंचायत और ग्रामीण विकास, और शहरी विकास विभाग शामिल हैं।

बैठक का मुख्य उद्देश्य इन विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करना और ज़मीनी स्तर पर उनकी कार्यान्वयन स्थिति का मूल्यांकन करना है। सूत्रों का कहना है कि बैठक में मुर्शिदाबाद में हाल ही में हुए घटनाक्रमों पर भी चर्चा हो सकती है, साथ ही राज्य में नकली दवाइयों के प्रसार पर भी गंभीर विचार-विमर्श होने की संभावना है। यह बैठक शनिवार दोपहर 2 बजे से शुरू होगी और इसमें सभी संबंधित विभागों से रिपोर्ट तलब की जाएगी। यह माना जा रहा है कि इस बैठक के माध्यम से सरकार आगामी महीनों के लिए एक सुव्यवस्थित प्रशासनिक रोडमैप तैयार करना चाहती है।

## वक्फ बिल 2025 के खिलाफ़ प्रदर्शन में लहराया फिलिस्तीन का झंडा

**हुगली :** वक्फ बिल 2025 के विरोध में हुगली जिले के मगरा थाना अंतर्गत बड़ोपाड़ा मोड़ पर शुक्रवार को एक विशाल प्रदर्शन आयोजित किया गया, जिसमें मुस्लिम समुदाय के बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। इस प्रदर्शन का आयोजन तंजीम-ए-अहले सुन्नत बांसबेडिया द्वारा किया गया था।

कार्यक्रम में बांसबेडिया की लगभग 12 मस्जिदों के इमाम शामिल हुए। प्रमुख इमामों में ग़ाज़ी दरगाह शाही मस्जिद के मौलाना कमरुद्दीन शाहिल हसमती, बांसबेडिया जामा मस्जिद के मौलाना मुफ़्ती नैमतुल्लाह, जिन्नाती मस्जिद के इमाम मोइतुर रहमान, तीन नंबर घूमटी मस्जिद के इमाम अब्दुल राशिद मिसबाही और मदीना मस्जिद के इमाम अहमद राजा के नाम उल्लेखनीय हैं।



प्रदर्शन में वक्ताओं ने वक्फ बिल को मुस्लिम समाज के अधिकारों और धार्मिक पहचान पर सीधा हमला बताते हुए केंद्र सरकार से इसे तत्काल रद्द करने की मांग की। उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के उस बयान की सराहना की जिसमें उन्होंने कहा था कि यह कानून बंगाल में लागू नहीं होने दिया जाएगा। साथ ही, उन्होंने यह सवाल भी उठाया कि अन्य राज्यों में मुस्लिम समाज की स्थिति क्या होगी?

प्रदर्शन के दौरान एक प्रतीकात्मक समर्थन के रूप में फिलिस्तीन का झंडा भी लहराया गया, जिसे प्रदर्शनकारियों की वैश्विक मुस्लिम मुद्दों से एकजुटता के रूप में देखा गया। यह दृश्य स्थानीय समुदाय में चर्चा का विषय बना रहा।

प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा और प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम किए गए थे। इमामों ने स्पष्ट किया कि जब तक सरकार इस बिल को वापस नहीं लेती, तब तक विरोध जारी रहेगा।

### जयपुर ब्लॉक जनस्वास्थ्य केंद्र के नवनिर्मित भवन का भव्य उद्घाटन एवं नि:शुल्क पैथोलॉजी सेवा की शुरुआत



**हावड़ा :** हावड़ा जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के तत्वावधान में अमता-2 ब्लॉक के जयपुर ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट (जनस्वास्थ्य केंद्र) के नवनिर्मित भवन का शुभ उद्घाटन किया गया। साथ ही, इस केंद्र में पूर्णतः नि:शुल्क पैथोलॉजी सेवाओं की भी शुरुआत हुई। इस पहल का उद्देश्य अमता-2 ब्लॉक और इसके आसपास के विस्तृत क्षेत्रों के लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुँचाना है। अब से स्थानीय निवासियों को रक्त, मल और मूत्र की जांच जैसी आवश्यक पैथोलॉजी सेवाएं जयपुर ब्लॉक स्वास्थ्य केंद्र में ही नि:शुल्क उपलब्ध होंगी। इस अवसर पर अमता के विधायक सुकांत पाल, हावड़ा जिला के मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. किशलय दत्ता, अमता-2 पंचायत समिति के सदस्य शेख मेहेबूब अली, तथा अमता-2 ब्लॉक के ब्लॉक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामिज़ अहमद सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम में विधायक सुकांत पाल ने राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस स्वास्थ्य-केन्द्रिक पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह केंद्र आम जनता को नि:शुल्क और सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करेगा।

## सीईएससी की सहकारी समिति चुनाव में तृणमूल की प्रचंड जीत, राम-बाम गठबंधन को 27-0 से हराया

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में एक बार फिर तृणमूल कांग्रेस की 'हरित' आंधी ने विरोधियों को उड़ा दिया। सीईएससी की शताब्दी पुरानी सहकारी संस्था इलेक्ट्रो अर्बन को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी के चुनाव में तृणमूल समर्थित यूनियन ने राम-बाम (भाजपा-वामपंथी) गठबंधन को 27-0 के भारी अंतर से शिकस्त दी।

1911 में स्थापित इस क्रेडिट सोसाइटी में करोड़ों रुपये का लेनदेन होता है और इसका चुनाव लंबे समय बाद, 2010 के बाद पहली बार गुरुवार को हुआ। पिछली बार इस समिति पर कांग्रेस और वाम समर्थित यूनियन का कब्जा था, लेकिन इस बार पूरा समीकरण बदल गया।




तृणमूल नेता व राज्य मंत्री शोभनदेव चट्टोपाध्याय के नेतृत्व में तृणमूल समर्थित श्रमिक कर्मचारी यूनियन (एसकेयू) ने सभी सीटों पर कब्जा कर लिया। शोभनदेव चट्टोपाध्याय, जो सीईएससी श्रमिक कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष भी हैं, ने बताया कि राम-बाम गठबंधन सिर्फ 17 सीटों पर ही उम्मीदवार खड़ा कर सका, जबकि केवल 10 सीटों पर मुकाबला हुआ-इन सभी में तृणमूल समर्थित एसकेयू को जीत मिली।

फिर से एक बार यह साबित हो गया कि राज्य की सहकारी राजनीति में तृणमूल का वर्चस्व कायम है। जीत के बाद तृणमूल कार्यकर्ता और नेता हरित अबीर (गुलाल) से जश्न मनाते नजर आए।

## हावड़ा में दहेज के लिए नवविवाहिता की बेरहमी से पिटाई, पुलिस में मामला दर्ज

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के कालीबाबू बाजार स्थित चौधरीबगान इलाके में दहेज प्रताड़ना का एक गंभीर मामला सामने आया है। जहां शादी के बाद नवविवाहिता राखी साहू को ससुराल वालों द्वारा लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया गया। पीड़िता के परिवार की शिकायत के अनुसार, शादी के समय दूल्हे पक्ष ने 10 लाख रुपये दहेज की मांग की थी। उस दौरान लड़की के परिवार ने भारी कठिनाइयों के बावजूद 5 लाख रुपये दिए थे। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले राखी पर मायके से बाकी 5 लाख रुपये लाने का दबाव बनाते रहे। जब पीड़िता के परिवार ने यह रकम देने में असमर्थता जताई, तो उस पर अत्याचार बढ़ता




गया। कथित तौर पर कुछ दिन पहले राखी को उसके पति, देवर और सास ने मिलकर बेरहमी से पीटा। जिससे उसके शरीर पर कई जगह गंभीर चोटें आईं और एक कान का पर्दा फट गया। फिलहाल वह हावड़ा अस्पताल में इलाजरत है। राखी के पिता ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल, आरोपी पति समीर साहू फरार बताया जा रहा है।

## पार्क स्ट्रीट में बहुमंजिला इमारत में आग, मिठाई की दुकान खाक



**कोलकाता, समाज्ञा :** शहर कोलकाता के पार्क स्ट्रीट में स्थित एक बहुमंजिला इमारत में शुक्रवार को आग लग गई। आग में कोलकाता की एक प्रसिद्ध मिठाई की दुकान जलकर खाक हो गई। ऐसा माना जा रहा है कि आग दुकान के पीछे स्थित रसोईघर में लगी। हालांकि, दुकान के कर्मचारियों का दावा है कि आग एसी से लगी। इसके बाद ही आग के बाकी हिस्सों में फैली। घंटों की मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। इससे पहले उक्त बहुमंजिला इमारत से निवासियों को बाहर निकाला गया। घटनास्थल पर एनडीआरएफ की टीम भी पहुंची। अगलगी के बाद आसपास में धुएं का गुबार उठने लगा और लोगों में दहशत फैली। धुआं इतना तीव्र था कि दमकल कर्मियों को अंदर जाने के लिए मास्क पहनना पड़ा। उक्त इमारत के एक निवासी ने बताया कि वह और उसकी पत्नी टीवी देख रहे थे, तभी उन्होंने आग देखी और नीचे आ गए। आपातकालीन स्थिति में दमकल विभाग को फोन किया।

### टॉलीगंज में व्यावसायिक प्रतिष्ठान में आग लगने से मचा हड़कंप



महानगर में अगलगी का क्रम जारी है। टॉलीगंज थाना इलाके के व्यवसायिक प्रतिष्ठान डोसा कॉफी के प्रथम तल्ले पर गुरुवार की रात आग लग गई। 31बी लेक रोड स्थित उक्त डोसा कॉफी में लगी आग खतरनाक हो गई और आग की लपटे देखते ही देखते भीषण हो गई। उक्त घटना के बाद लोग बाग सड़कों पर आ गए। दमकल के साथ ही स्थानीय थाने की पुलिस भी आई और घटनास्थल पर विधायक देवाशीष कुमार, स्थानीय वार्ड 87 की पार्षद मनीषा बसु, पार्टी के वार्ड अध्यक्ष देवाशीष बसु, एमआईसी बैश्वनर चट्टोपाध्याय भी पहुंचे। लगभग एक घंटे की कोशिश के बाद दमकल की तीन इंजनों ने आग पर काबू पा लिया। उक्त घटना कैसे घटी इसकी जांच की जा रही है। वैसे उक्त घटना को लेकर कई तरह की बातों का क्रम भी जारी था।

### 'सिर्फ उत्तर बंगाल से एक लाख से अधिक लोग जुटेंगे', ब्रिग्रेड सभा से पहले वामपंथ का दावा



**कोलकाता, समाज्ञा :** वामपंथी 20 अप्रैल को ब्रिगेड परेड ग्राउंड में एक बड़ी सभा करेंगे। इससे पहले लाल शिविर ने शुक्रवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बड़ा दावा किया। उनका कहना है कि अकेले उत्तर बंगाल से ही सभा में एक लाख से अधिक लोग जुटेंगे। दूसरे शब्दों में, वामपंथी उस रिकार्ड की ओर संकेत कर रहे हैं जो रविवार को ब्रिगेड स्थापित करने वाली है। इस दिन, सीआईटीयू, अखिल भारतीय कृषक सभा, अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन और पश्चिम बंगाल स्लम विकास एसोसिएशन के नेताओं ने श्रमिक भवन में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उनकी स्पष्ट मांग है कि पूरे राज्य से मजदूर, किसान और हाशिए पर पड़ी झुग्गियों में रहने वाले लोग रैली में आएं। यह वामपंथी ब्रिगेड द्वारा अतीत में दर्ज की गई संख्या को पार कर सकता है। संगठनों ने कहा है कि इसी तरह की तैयारियां चल रही हैं।

## 61 की उम्र में शादी के बंधन में बंधे भाजपा नेता दिलीप घोष

**❑ मुख्यमंत्री ममता ने विवाह की बधाई देते हुए भेजा फूलों का गुलदस्ता**

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष व पूर्व सांसद दिलीप घोष ने शुक्रवार की शाम शादी कर ली। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दिलीप घोष को विवाह की बधाई देते हुए फूलों का गुलदस्ता भेजा है। दिलीप घोष ने 61 साल की उम्र में पार्टी सहयोगी रिंकू मजूमदार के साथ शादी की है। जानकारी के मुताबिक, दोनों की शादी का समारोह के समय करीबी रिश्तेदार और परिवार को लोग उपस्थित रहे। घोष के करीबी लोगों के मुताबिक, वह रिंकू मजूमदार को साल 2021 से जानते हैं। दिलीप घोष और रिंकू मजूमदार ने शाम में न्यू टाउन इलाके में एक निजी समारोह में शादी की। जानकारी के मुताबिक, शादी का



प्रस्ताव दुल्हन पक्ष ने रखा था। वहीं, दिलीप घोष की मां ने भी उन्हें शादी करने की सलाह दी थी। जानकारी के मुताबिक, रिंकू कोलकाता उत्तर उपनगरीय संगठनात्मक भाजपा जिला महिला मोर्चा से जुड़ी हैं। बता दें कि रिंकू तलाकशुदा हैं। उनका एक 25 साल का बेटा भी है। वह साल्टलेक में आईटी क्षेत्र में काम करता है।

**❑ पार्टी नेताओं व सहयोगियों ने दिलीप घोष को दी शुभकामनाएं**

दूसरी तरफस इस दिन, सुबह में विवाह से पहले न्यूटाउन स्थित उनके आवास पर बंगाल भाजपा के शीर्ष नेता पहुंचे और उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार, सांसद लॉकेट चट्टोपाध्याय, ज्योतिर्मय सिंह महतो, संगठन नेता सुनील बंसल और बंगाल के प्रभारी और बिहार सरकार में मंत्री मंगल पांडे जैसे कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे। सभी ने दिलीप घोष को फूल, मिठाई और पारंपरिक वस्त्र भेंट कर उन्हें शादी के लिए शुभकामनाएं दीं। दिलीप घोष की मां पुष्पलता देवी से मिलकर सुकांत मजूमदार ने पैर छूकर आशीर्वाद भी लिया। सुकांत ने कहा कि वह विवाह समारोह में शामिल नहीं हो पाएंगे क्योंकि उन्हें बालुरघाट लौटना है, लेकिन उन्होंने साफ किया कि पार्टी की ओर से इस शादी पर कोई आपत्ति नहीं है।

**❑ सुकांत बोले... 'शादी में आपत्ति कैसी?'**

जब पत्रकारों ने पूछा कि क्या पार्टी को दिलीप घोष के विवाह पर कोई आपत्ति है, तो सुकांत मजूमदार ने मुस्कुराते हुए कहा कि बिल्कुल नहीं, शादी में आपत्ति कैसी? पहले भी कई नेताओं ने अधिक उम्र में शादी की है। दिलीप को हम सबने शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारकों में दो तरह की व्यवस्थाएं होती हैं - कुछ प्रचारक संगठन में बने रहते हैं और शादी नहीं करते, जबकि जो राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाते हैं, वे सामान्य जीवन जी सकते हैं। उन्होंने उदाहरण दिया, लालकृष्ण आडवाणी भी प्रचारक थे, लेकिन बाद में उन्होंने पारिवारिक जीवन को अपनाया।

## याद किए गए आचार्य विष्णुकान्त शास्त्री

**कोलकाता :** प्रख्यात साहित्यकार, लोकप्रिय राजनेता एवं उतरप्रदेश के पूर्व राज्यपाल आचार्य विष्णुकांत शास्त्री की 20वीं पुण्यतिथि पर श्री बड़ाबाजार कुमारसभा पुस्तकालय के कक्ष में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के अध्यक्ष वरिष्ठ चिंतक डॉ. अजयेन्द्रनाथ त्रिवेदी ने बताया कि आचार्य विष्णुकांत शास्त्री गीता में वर्णित मानसिक, शारीरिक तथा वाचिक तप के अभ्यासी आचार्य थे। उनकी वाणी का आर्जव, मानस का वैदुष्य तथा शरीर का सौंदर्य हम सबकी प्रेरणा बना हुआ है। पुस्तकालय अध्यक्ष महावीर बजाज ने उनके सान्निध्य में बिताये गौरवपूर्ण घटनाओं का उल्लेख करते हुए उन्हें उत्कृष्ट विद्वान, सरल ह्रदय और सौम्य स्वभाव वाला प्रेरक व्यक्ति बताया।



मंत्री बंशीधर शर्मा ने बताया कि शास्त्री जी के प्रवचनों पर आधारित गीता परिक्रमा साहित्य और सनातन विचारधारा की अमूल्य निधी है। वे पुस्तकालय की व्यवस्था व गतिविधियों से अभिन्न रूप से जुड़े थे। उनके स्वभाव में अपनत्व का विराट भाव था। उनको स्मरण करना अपनी वाणी को पवित्र करना है। गजलकार रविप्रताप सिंह ने शास्त्रीजी के सद्गुणों की चर्चा करते हुए उनको श्रद्धांजलि अर्पित की। सत्यप्रकाश राय, भागीरथ सारस्वत, श्रीमोहन तिवारी, जीवन सिंह, मनीष जैन, घनश्याम चौरसिया, गायत्री बजाज एवं अरुण सिंह प्रभृति ने भी आचार्य शास्त्री जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किये तथा उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर अपने विचार व्यक्त किये।

# गुजरात में अकेले उपचुनाव लड़ेगी कांग्रेस, 'आप' के साथ नहीं होगा गठबंधन: गोहिल

**अहमदाबाद :** गुजरात में विपक्षी दल कांग्रेस ने शुक्रवार को घोषणा की कि वह दो विधानसभा सीट पर आगामी उपचुनाव के लिए आम आदमी पार्टी (आप) के साथ गठबंधन नहीं करेगी और अकेले चुनाव लड़ेगी। पार्टी की राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक के बाद गुजरात कांग्रेस अध्यक्ष शक्तिसिंह गोहिल ने कहा कि पार्टी ने उपचुनावों में 'आप' से दूर रहने का फैसला किया है, क्योंकि अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली पार्टी ने बिना उससे परामर्श किए विसावदर सीट के लिए अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया है। हालांकि, उन्होंने जोर देकर कहा कि गुजरात में कांग्रेस के इस रुख के बावजूद दोनों पार्टियां राष्ट्रीय स्तर पर



'इंडिया' गठबंधन का हिस्सा बनी रहेंगी। गोहिल ने संकेत दिया कि 'आप' ने इंडिया गठबंधन का हिस्सा होने के बावजूद विसावदर सीट के लिए अपना उम्मीदवार घोषित करके गठबंधन धर्म नहीं निभाया। निर्वाचन आयोग ने अभी उपचुनाव की तारीखों की घोषणा नहीं की है, लेकिन 'आप' ने पिछले महीने पार्टी के नेता गोपाल इटालिया को विसावदर सीट के लिए अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया था। गोहिल ने कहा, हमारी राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक में आगामी उपचुनावों के बारे में विस्तृत चर्चा हुई। हर गठबंधन के कुछ सिद्धांत होते हैं। 'आप' ने हमसे सलाह-मशविरा किए बिना ही विसावदर के लिए अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया है। हम इंडिया गठबंधन का हिस्सा हैं। लेकिन, पार्टी की प्रदेश इकाइयां अपने फैसले लेने के लिए स्वतंत्र हैं। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि पार्टी हरियाणा विधानसभा चुनाव इसलिए हारी क्योंकि 'आप' ने कुछ सीटों पर उसकी पेशकश स्वीकार करने से इनकार कर दिया था और अपने उम्मीदवार उतारने का फैसला किया था।

## पुंछ में आतंकवादियों की मौजूदगी वाले क्षेत्रों को चिह्नित किया गया, तलाश अभियान पांचवें दिन भी जारी

जम्मू : जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में एक मुठभेड़ के बाद बच निकले आतंकवादियों का पता लगाने के लिए चलाया जा रहा अभियान पांचवें दिन शुक्रवार को भी जारी रहा। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सुरक्षा एजेंसियों ने आतंकवादियों की संदिग्ध मौजूदगी वाले इलाकों को चिह्नित कर एक कार्य योजना तैयार की है। जम्मू क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक भीम सेन टूटी ने कहा, ''पुंछ जिले के लसना इलाके में तलाश अभियान लगातार पांचवें दिन शुक्रवार को भी जारी रहा।'' उन्होंने कहा कि आतंकवाद रोधी बल एवं पुलिस के विशेष अभियान समूह 'रोमियो' और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कर्मी श्वान दस्ते तथा ड्रोन की मदद से तलाश अभियान चला रहे हैं।

## असम पंचायत चुनाव में 348 सीटों पर निर्विरोध फैसला, 325 पर राजग की जीत : हिमंत



**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को दावा किया कि राज्य में पंचायत प्रणाली की कुल 348 सीटों पर निर्विरोध फैसला हुआ है, जिनमें से 325 सीटें भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने जीती हैं। त्रिस्तरीय पंचायत प्रणाली के लिए मतदान दो चरणों में दो मई और सात मई को कराए जाएंगे। शर्मा ने कहा कि पंचायत चुनाव के लिए नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख 18 अप्रैल है। भाजपा नेता ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में दावा किया, ''अब तक प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार, राजग ने पहले ही 37 जिला परिषद (35 भाजपा और दो अगप) और 288 आंचलिक पंचायत (259 भाजपा और 29 अगप) सीटें निर्विरोध हासिल कर ली हैं।'' शर्मा द्वारा साझा किए गए चार्ट के अनुसार, निर्दलीय उम्मीदवारों ने आंचलिक परिषद की 15 सीटें निर्विरोध हासिल की हैं जबकि कांग्रेस ने नौ और एआईयूडीएफ ने एक सीट निर्विरोध जीती है। शर्मा ने कहा, ''यह असम के राजनीतिक इतिहास में एक विशाल और अभूतपूर्व जनादेश है। यह राजग और हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रति असम के लोगों के असीम विश्वास और अपार प्रेम को दर्शाता है।''

## कुत्ता खरीदने के लिए पैसे नहीं दिए तो मां को मार डाला

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ के रायपुर शहर के बाहरी इलाके में शुक्रवार को एक 45 वर्षीय व्यक्ति ने कुत्ता खरीदने के लिए पैसे देने से मना करने पर अपनी बुजुर्ग मां की हत्या कर दी। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि व्यक्ति ने विवाद के बाद अपनी पत्नी पर भी हमला किया। उरला थाने के थानेदार बीएल चंद्राकर ने बताया कि घटना सुबह करीब आठ बजे उरला पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत नागेश्वर नगर में हुई। उन्होंने बताया कि आरोपी प्रदीप देवांगन ने अपनी मां गणेशी (70) से कुत्ता खरीदने के लिए दो सौ रुपये मांगे थे। चंद्राकर ने बताया कि प्रदीप जर्मन शेफर्ड कुत्ता खरीदना चाहता था, जो उसे आठ सौ रुपए में मिल रहा था। प्रदीप के पास छह सौ रूपए थे और उसने मां से दो सौ रुपए की मांग की थी। उन्होंने बताया कि जब उसकी मां ने पैसे देने से मना किया तो प्रदीप ने हथौड़े से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। उन्होंने बताया कि उसने अपनी पत्नी रामेश्वरी पर भी हमला किया। अधिकारी ने बताया कि प्रदीप ई-रिक्शा चलाता है और उसके दो बेटे और एक बेटी है। उन्होंने बताया कि घटना के बाद जब प्रदीप के 15 वर्षीय बेटे ने उसे रोकने की कोशिश की तो प्रदीप मौके से भाग गया। बाद में बेटे ने पड़ोसियों को घटना की जानकारी दी तब पुलिस को इसकी सूचना दी गई।

## न्यूज इन ब्रीफ

### सीलमपुर हत्याकांड : 'लेडी डॉन' समेत चार लोगों को हिरासत में लिया गया

**नयी दिल्ली :** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सीलमपुर इलाके में 17 वर्षीय एक लड़के की चाकू घोंपकर हत्या किए जाने की घटना के बाद पुलिस ने इस मामले में एक महिला और उसके तीन चचेरे भाइयों को हिरासत में लिया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि उक्त महिला जेल में बंद गैंगस्टर हाशिम बाबा की पत्नी के लिए बाउंसर के रूप में काम करती थी। पुलिस ने बताया कि न्यू सीलमपुर में बृहस्पतिवार शाम साढ़े सात बजे कुणाल की उसके घर से कुछ ही मीटर की दूरी पर हत्या कर दी गई थी। कुणाल पर उस समय हमला किया गया था जब वह अपने बीमार पिता के लिए चाय बनाने के वास्ते दूध खरीदने के लिए जा रहा था। अधिकारियों ने बताया कि कुणाल को निकट स्थित जेपीसी अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### डीजीसीए ने एयर इंडिया एक्सप्रेस के पायलट की मौत की जांच के आदेश दिए

**नयी दिल्ली :** नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने विमानन कंपनी 'एयर इंडिया एक्सप्रेस' के पायलट की हाल ही में हुई मौत के कारणों की विस्तृत जांच के आदेश दिए हैं, जिसमें मृतक के स्वास्थ्य संबंधी विवरण और ऐसी आपात स्थितियों से निपटने के लिए मौजूदा दिशानिर्देशों की जांच की जाएगी। एयर इंडिया एक्सप्रेस के पायलट ने श्रीनगर से दिल्ली जाने के लिए उड़ान संख्या आईएक्स1153 से नौ अप्रैल को उड़ान भरी थी, लेकिन इसी बाच अचानक हृदयाघात हो जाने से चालक की मृत्यु हो गई थी। डीजीसीए ने जांच का आदेश देते हुए कहा कि जांच टीम इस बात की पड़ताल करेगी कि क्या चालक दल ने उड़ान के दौरान 'एयर ट्रैफिक कंट्रोलर' (एटीसी) को बीमारी की सूचना दी थी और यदि हां तो क्या एटीसी ने उचित कार्रवाई की थी।

### मुंबई जा रहे दो अवैध बांग्लादेशी अप्रवासियों को त्रिपुरा में गिरफ्तार किया गया

**अगरतला :** त्रिपुरा के अगरतला रेलवे स्टेशन से दो अवैध बांग्लादेशी अप्रवासियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अगरतला राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के प्रभारी अधिकारी आपस दास ने बताया कि बांग्लादेश के बरिसाल जिले की निवासी नादिया अख्तर (19) और रूपाली अख्तर (38) को बृहस्पतिवार को उस समय पकड़ा गया जब वे कोलकाता जाने वाली रेल गाड़ी में सवार होने जा रहे थे। उन्होंने बताया, ''खुफिया सूचना के आधार पर जीआरपी, जिला पुलिस और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने संयुक्त अभियान में उन्हें गिरफ्तार कर लिया।'' दास ने बताया, ''पूछताछ के दौरान उन्होंने बताया कि वे दो दिन पहले बिना किसी वैध दस्तावेज के भारत में दाखिल हुए थे और उनकी योजना कोलकाता के रास्ते मुंबई जाने की थी।'' दास ने कहा कि भारत में प्रवेश करने में उनकी मदद करने वालों की पहचान के लिए जांच चल रही है। उन्होंने कहा, ''मामले में संलिप्त सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।''

### ओडिशा में भारी बारिश, आंधी तूफान, एक व्यक्ति की मौत

**भुवनेश्वर :** तटीय ओडिशा में शुक्रवार सुबह भारी बारिश के साथ आये आंधी तूफान में एक व्यक्ति की मौत हो गई। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। अधिकारियों ने बताया कि राज्य की राजधानी भुवनेश्वर में पूर्वाह्न 10 से 11.30 बजे के बीच 26.2 मिलीमीटर बारिश हुई और तेज हवाओं के कारण कई इलाकों में पेड़ उखड़ गए। उन्होंने बताया कि भुवनेश्वर और कटक के कई निचले इलाकों में जलभराव की सूचना है। उन्होंने बताया कि कटक के बांकी इलाके में 100 से अधिक पेड़ उखड़ गए, जिससे भुवनेश्वर जाने वाली सड़क अवरुद्ध हो गई।

## महाराणा प्रताप, शिवाजी महाराज असली राष्ट्रीय नायक हैं, औरंगजेब नहीं: राजनाथ सिंह

**छत्रपति संभाजीनगर (महाराष्ट्र) :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि महाराणा प्रताप और छत्रपति शिवाजी महाराज राष्ट्रीय नायक हैं, न कि मुगल शासक औरंगजेब। महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में मेवाड़ के शासक महाराणा प्रताप की आदमकद प्रतिमा का अनावरण करने के बाद आयोजित समारोह में सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप साहस और देशभक्ति के प्रतीक थे। सिंह ने कहा, ''छत्रपति शिवाजी महाराज ने विशेष रूप से गुरिल्ला युद्ध रणनीति के लिए महाराणा प्रताप से प्रेरणा ली थी।'' भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता ने दावा किया कि स्वतंत्रता के बाद वामपंथी झुकाव वाले इतिहासकारों ने महाराणा प्रताप और शिवाजी महाराज दोनों को उचित श्रेय नहीं दिया, बल्कि औरंगजेब का महिमामंडन किया। उन्होंने कहा, ''जो लोग मानते हैं कि औरंगजेब एक नायक था, उन्हें पंडित जवाहरलाल नेहरू की किताब पढ़नी चाहिए, जिन्होंने लिखा था कि मुगल बादशाह एक क्रूर, कट्टरपंथी शासक था।'' सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप ने अपने स्वाभिमान की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी और मुगल सम्राट अकबर के प्रभुत्व को चुनौती दी। उन्होंने कहा कि अपनी अनुकरणीय वीरता के अलावा महाराणा प्रताप ने समाज के सभी वर्गों को एकजुट किया।

## स्टालिन ने नीट एवं परिसीमन पर अमित शाह को चुनौती दी

**तिरुवल्लूर :** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा की गयी उस आलोचना को लेकर शुक्रवार को उन्हें निशाना बनाया, जिसमें कहा गया है कि राज्य की सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सरकार 'भटकाने वाली' रणनीति के तौर पर नीट और परिसीमन जैसे मुद्दों का राग अलाप रही है। स्टालिन ने शाह को चुनौती दी कि वह राज्य की जनता के समक्ष साबित कर दें कि क्या वाकई राज्य सरकार लोगों का ध्यान भटका रही है। मुख्यमंत्री ने विभिन्न सरकारी परियोजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास के मौके पर आयोजित एक सार्वजनिक कार्यक्रम में कहा कि



तमिलनाडु एवं द्रमुक, नीट समेत अन्य मुद्दों का पुरजोर विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ''चाहे वह नीट हो या त्रि-भाषा नीति, वक्फ संशोधन अधिनियम या परिसीमन- जिससे कुछ राज्यों के प्रभावित होने की संभावना है- केवल हम ही पुरजोर विरोध कर रहे हैं। अमित शाह ने कहा था कि हम ध्यान भटकाने के लिए ऐसा कह रहे हैं। मैं जो कहना चाहता हूं वह यह है कि तमिलनाडु सभी भारतीय राज्यों के लिए संघर्ष कर रहा है। क्या राज्यों के अधिकारों की मांग करना गलत है।'' सत्तारूढ़ द्रमुक के अध्यक्ष स्टालिन ने राज्य विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों को मंजूरी से जुड़े मामले में शीर्ष अदालत के फैसले का हवला देते हुए कहा कि राज्य सरकार ने उच्चतम न्यायालय का रुख किया और राज्यपाल के खिलाफ 'ऐतिहासिक फैसला' मिला, क्योंकि उन्होंने 'कुछ नहीं किया'।

## भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुक्ला अगले महीने अंतरिक्ष यात्रा के लिए तैयार: जितेंद्र सिंह

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला अगले महीने 'एक्सिओम-4' मिशन के तहत अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा करेंगे। यह यात्रा राकेश शर्मा की रूस के सोयूज अंतरिक्ष यान से अंतरिक्ष में जाने की ऐतिहासिक यात्रा के चार दशक बाद होगी। सिंह ने यहां अंतरिक्ष विभाग और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के कार्यों की समीक्षा के बाद यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा, ''ग्रुप कैप्टन शुक्ला की यात्रा महज एक उड़ान नहीं है - यह एक संकेत है कि भारत अंतरिक्ष अन्वेषण के एक नए युग में साहस के साथ कदम रख रहा है।''

## छत्तीसगढ़ के सुकमा में 33 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा :** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में एक नक्सली दंपति समेत 33 नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले 17 नक्सलियों पर कुल 49 लाख रुपये का इनाम था। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को नौ महिलाओं समेत 22 नक्सलियों ने पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण किया, जबकि बाद में दो महिलाओं समेत 11 अन्य नक्सलियों ने पुलिस अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में आठ-आठ लाख रुपए के इनामी नक्सली मुचाकी जोगा (33) और उसकी पत्नी मुचाकी जोगी (28) ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। उन्होंने बताया कि मुचाकी जोगा नक्सलियों की पीए-लजीए कंपनी नंबर एक में डिप्टी कमांडर है तथा जोगी सदस्य है। अधिकारियों ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले 33 नक्सलियों में पांच-पांच लाख रुपए के इनामी किकिड़ देवे (30) और मनोज उर्फ दूधी बुधरा (28) तथा दो-दो लाख रुपए के इनामी माड़वी भीमा (30), माड़वी सोमड़ी (48), संगीता (24), माड़वी कोसी (24), वंजाम सन्नी (24), माड़वी मंगली (35), ताती बंडी (35), माड़वी लक्ष्मण (65), दूधी दुला (40), कलमू हिड़मा (40) तथा रव्वा बीड़े (35) शामिल हैं।

## पिछले तीन साल में उत्तराखंड में 22 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी मिली : धामी



**देहरादून :** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को कहा कि बीते साढ़े तीन वर्षों में राज्य सरकार ने 22 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियां दी हैं और राज्य की बेरोजगारी दर में 4.4 प्रतिशत की कमी आई है। श्रीनगर गढ़वाल स्थित हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित छात्रसंघ समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुत से युवा सरकारी नौकरी में जाने का सपना देख रहे होंगे, उसके लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी कर रहे होंगे लेकिन उनके सपनों पर नकल माफिया प्रहार न कर दें, इसके लिए राज्य सरकार ने प्रदेश में देश का सबसे कड़ा नकल विरोधी कानून लागू किया है। उन्होंने कहा, ''इसी का परिणाम है कि पिछले तीन वर्षों में 22 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी मिलने में सफलता प्राप्त हुई है। एक भी मामले में नकल का प्रकरण सामने नहीं आया और न ही कोई मामला न्यायालय में गया।'' धामी ने कहा कि इसके अलावा, प्रदेश में युवा स्टार्ट अप और स्वरोजगार के माध्यम से न केवल अपनी आजीविका कमा रहे हैं बल्कि दूसरों को नौकरी देने वाले बन गए हैं।

## आरेडिका में मनाया गया वर्ल्ड हेरीटेज डे

**रायबरेली :** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली में ''वर्ल्ड हेरीटेज डे'' पर सेन्ट्रल पार्क के पास बने रेलकोच हेरीटेज पार्क पर महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन तथा चीफ प्लांट इंजीनियर आनन्द प्रकाश सोनी के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहाँ विभिन्न कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को अमूल्य विरासतों के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। आरेडिका प्रशासन के द्वारा इस हेरीटेज पार्क पर रेलवे के कोचों एवं इंजनों को संरक्षित करने का कार्य किया जा रहा है जो रेलवे की अनमोल विरासतों का संरक्षण कर रहा है साथ ही साथ लोगों को रेलवे की भूली-बिछड़ी यादों से जोड़कर लोगों के मन को मोहित भी करता है। भारत एक विविधताओं से भरा देश है क्योंकि यहाँ दुनियां की अनेक सभ्यताओं संस्कृतियों, वनस्पतियों एवं जीव-जन्तुओं को पलने और पनपने का अवसर मिला। यह देश अपनी पौरांणिक मान्यताओं, मंदिरों, त्योहारों, ऐतिहासिक भवनों, किलों, स्मारकों, नृत्यकलाओं, युद्ध-विधाओं, स्थानीय कलाओं, त्यौहारों, मेलों वनस्पतियों एवं जीव-जन्तुओं आदि के लिए जाना जाता है। भारत की इन गौरवशाली धरोहरों से देश दुनिया के जन मानस को परिचित कराने एवं इनके संरक्षण के उद्देश्य से यूनेस्को के सहयोग से हर साल 18 अप्रैल के दिन को ''विश्व विरासत दिवस'' के रूप में मनाया जाता है ताकि लोगों को अपने पूर्वजों द्वारा छोड़ी गयी अनमोल धरोहरों के संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा सके।आदित्य प्रकाश, वरिष्ठ अनुभाग अभियंता एवं सांस्कृतिक संगठन के सदस्यों विश्वेश्वर प्रसाद, विवेकानंद, दीपक, अरविंद ओझा, धर्मेंद्र, गिरीश, भारतेंदु, प्रियंका, श्रेया, द्वारा नुक्कड़ नाटक एवं पोस्टर प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को अमूल्य विरासतों के महत्व के प्रति जागरूक किया गया।कॉलोनी के बच्चों ने हेरिटेज प्रदर्शनी का भरपूर आनंद उठाया तथा लगाए गए पोस्टर प्रदर्शनी से अपनी विरासत से परिचित हुए।इस अवसर पर आरेडिका के उच्च अधिकारीगण, कर्मचारी प्रतिनिधिगण,कर्मचारी एवं उनके परिवार उपस्थित रहे।

## मस्जिदों पर लगे अवैध लाउडस्पीकर हटाने की मांग को लेकर भाजपा नेता सोमैया का प्रदर्शन

**मुंबई :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता किरीट सोमैया ने शुक्रवार को मुंबई के मुलुंड क्षेत्र में कुछ मस्जिदों से अवैध लाउडस्पीकरों को हटाने की मांग को लेकर हुए विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया। उन्होंने कहा कि इनकी वजह से ध्वनि प्रदूषण होता है। यह विरोध प्रदर्शन मुलुंड पुलिस थाना के बाहर आयोजित किया गया। सोमैया ने कहा, ''अदालत और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की ओर से ऐसे अवैध लाउडस्पीकर को हटाने के स्पष्ट आदेश दिए गए हैं।'' उन्होंने लाउडस्पीकर लगाने की अनुमति देने वाले पुलिस थानों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने की चेतावनी दी। पूर्व लोकसभा सदस्य ने कहा, ''मैं इस मुद्दे पर लोगों को संवेदनशील बनाने और अवैध लाउडस्पीकर के इस्तेमाल के खिलाफ जागरूकता फैलाने के लिए ऐसा कर रहा हूं।'' उन्होंने आरोप लगाया कि मुलुंड पुलिस थाना के कर्मियों ने इस संबंध में अच्छा काम करना शुरू कर दिया है, लेकिन ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) और शिवसेना (उबाठा) से जुड़े कुछ नेता उन पर दबाव बनाने और ऐसे लाउडस्पीकर के खिलाफ कार्रवाई करने से रोकने की कोशिश कर रहे हैं।

## ईपीएफओ में बड़े पैमाने पर डिजिटल बदलाव, मई-जून में नया आईटी मंच शुरू होगा : मांडविया

**रांची :** केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को कहा कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) नौ करोड़ से अधिक लाभार्थियों के वास्ते सेवाएं व्यापक करने के लिए बड़े डिजिटल बदलाव की तैयारी कर रहा है और इसका संस्करण 3.0 मई या जून तक शुरू किया जाएगा। मांडविया ने 'पीटीआई-भाषा' को दिए साक्षात्कार में कहा कि आने वाले दिनों में ईपीएफओ लाभार्थी नए संस्करण 3.0 पर दावों के तेजी से निपटान के कारण एटीएम से राशि



निकाल सकेंगे। उन्होंने कहा, ''ईपीएफओ जल्द ही एक मजबूत आईटी मंच का संस्करण 3.0 लागू करेगा, जिससे स्वतः दावा निपटान, डिजिटल सुधार और एटीएम आधारित धन निकासी सहित निर्बाध और सरलीकृत सेवाएं प्रदान की जा सकेंगी। इस बदलाव का उद्देश्य ईपीएफओ को सुलभ और कुशल बनाना है।'' मांडविया के अनुसार, नए संस्करण में जटिल और लंबी, आवेदन भरने की प्रक्रिया या दावों और सुधारों के लिए कार्यालय में जाने की जरूरत समाप्त हो जाएगी। लाभार्थी ओटीपी सत्यापन का उपयोग करके अपने ईपीएफओ खातों और अनुरोध को अपडेट करने और अपनी पेंशन पात्रता की निगरानी करने या धन निकालने में सक्षम होंगे।

## बीएमसी ने 'अनधिकृत' जैन मंदिर को गिराया, समुदाय ने इस कार्रवाई को अनुचित बताया

**मुंबई :** बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) ने विले पार्ले इलाके में कथित तौर पर अनधिकृत जैन मंदिर को गिरा दिया। समुदाय के सदस्यों ने इस कार्रवाई को अनुचित बताया। कांबलीवाड़ी में नेमिनाथ सहकारी आवास सोसाइटी के अंदर स्थित मंदिर (चैतलया) के ट्रस्टी अनिल शाह ने कहा कि इसे 16 अप्रैल को ढहा दिया गया। शाह ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि यह संरचना 1960 के दशक की थी और बीएमसी की अनुमति से इसका जीर्णोद्धार कराया गया था। उन्होंने दावा किया, एक सरकारी प्रस्ताव है जिसमें कहा गया है कि ऐसी संरचनाओं को नियमित किया जा सकता है। आपको केवल बीएमसी को नियमितीकरण के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करना होगा और हमने वह प्रस्ताव प्रस्तुत किया था।''

# 2 घंटे में तय कर सकेंगे ऋषिकेश से कर्णप्रयाग का सफर

**इस परियोजना के तहत टीबीएम तकनीक का पहली बार पहाड़ी इलाकों में इस्तेमाल हुआ हैं। 9.11 मीटर व्यास वाली सिंगल-शील्ड रॉक टीबीएम ने जिस गति औंर सटीकता का प्रदर्शन किया, वह भारत के निर्माण क्षेत्र में एक नई मिसाल हैं। - श्री अश्विनी वैष्णव, रेल मंत्री**

योगनगरी ऋषिकेश से तपोनगरी कर्णप्रयाग का सफर अब दो घंटे में ही पूरा होने वाला है। भारतीय रेल ने देवभूमि में 'शिव' और 'शक्ति' के वरदान से देश की सबसे लंबी रेलवे सुरंग के निर्माण में सफल ब्रेक थ्रू हासिल कर लिया है। 125 किमी से अधिक लंबी ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना उत्तराखंड की प्राकृतिक सुंदरता, तीर्थ स्थलों और आध्यात्मिक महत्व को नए सिरे से परिभाषित करने वाली है। यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ के दर्शन को हर साल लाखों श्रद्धालु यात्रा पर निकलते हैं। मगर भौगोलिक संरचना और सीमित कनेक्टिविटी ने हमेशा से यात्रियों और स्थानीय निवासियों के लिए चुनौतियां पेश की हैं। इन चुनौतियों को दूर करने और उत्तराखंड के दुर्गम इलाकों को रेल नेटवर्क से जोड़ने के लिए भारतीय रेल ने ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना शुरू की। इस परियोजना के पूरा होने से करोड़ों श्रद्धालुओं के चारधाम यात्रा की मन्नत पूरी होने वाली है।

ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना हिमालय के दुर्गम और भौगोलिक तौर पर संवेदनशील क्षेत्र (सिस्मिक जोन खत) में बन रही है। इस रेल लाइन में देश की सबसे लंबी रेलवे सुरंग 14.577 किमी (47825 फीट) शामिल है, जो देवप्रयाग और जनासू के बीच बन रही है। 16 अप्रैल, 2025 को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 14.58 किमी लंबी सुरंग टी-8 के ब्रेकथ्रू का उद्घाटन किया, जो



देश की सबसे लंबी रेलवे सुरंग है। इसके अलावा 38 नियोजित सुरंग ब्रेकथ्रू में से 28 पूरे हो चुके हैं। परियोजना के पहले चरण को 2026 के अंत तक पूरा करने का लक्ष्य है, और 2027 के मध्य तक यह पूरी तरह से चालू हो सकती है।

इस परियोजना में आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है, जैसे कि टनल बोरिंग मशीन जिसने सुरंग निर्माण में अभूतपूर्व प्रगति दर्ज की है। अगस्त 2024 में टनल बोरिंग मशीन 'शिव' और 'शक्ति' ने एक महीने में 1080.11 रनिंग मीटर सुरंग खोदकर नया रिकॉर्ड बनाया। इस परियोजना में रेल ब्रिज नंबर 8 इंजीनियरिंग का एक और चमत्कार है।

**योग से तप की कनेक्टिविटी**

ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना 125.2 किमी लंबी ब्रॉड गेज रेल लाइन है, जो योग नगरी ऋषिकेश को कर्णप्रयाग से जोड़ेगी। यह परियोजना भारतीय रेल की चारधाम रेल परियोजना का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य उत्तराखंड के चार पवित्र तीर्थ स्थलों को रेल नेटवर्क से जोड़ना है। इस रेल लाइन की कुल लागत लगभग 16 हजार करोड़ रुपये से अधिक आंकी गई है। परियोजना की सबसे खास बात यह है कि इसका 83 प्रतिशत हिस्सा सुरंगों से गुजरेगा, जिसमें 17 मुख्य सुरंगें और 12 एस्केप टनल शामिल हैं। इसकी कुल लंबाई 213 किलोमीटर है, जिसमें 193 किलोमीटर का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है।

**जुड़ेंगे ये 5 जिले**

ऋषिकेश से कर्णप्रयाग तक सड़क मार्ग से 6-7 घंटे लगते हैं जो मौसम और भूस्खलन के कारण और बढ़ सकता है। चारधाम रेल परियोजना के तहत बन रही ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन इस दूरी को तकरीबन दो घंटे में पूरा करेगी। इससे तीर्थयात्रियों, पर्यटकों और स्थानीय लोगों के लिए यात्रा तेज, सुरक्षित और सुविधाजनक हो जाएगी। उत्तराखंड में भारी बारिश, बर्फबारी और भूस्खलन के कारण सड़क मार्ग अक्सर अवरुद्ध हो जाते हैं। मानसून और सर्दियों के मौसम में यह अक्सर होता है। इस परियोजना का 83 प्रतिशत हिस्सा सुरंगों के माध्यम से गुजरता है, जो इसे मौसम की मार से मुक्त रखेगा और निर्बाध कनेक्टिविटी सुनिश्चित करेगा, जिससे तीर्थयात्री और पर्यटक साल भर चारधाम की यात्रा कर सकेंगे। यह परियोजना उत्तराखंड के पांच प्रमुख जिलों-देहरादून, टिहरी गढ़वाल, पौड़ी गढ़वाल, रुद्रप्रयाग और चमोली-को रेल नेटवर्क से जोड़ेगी। योग नगरी ऋषिकेश, मुनि की रेती, देवप्रयाग, श्रीनगर, रुद्रप्रयाग, गौचर और कर्णप्रयाग जैसे शहर और कस्बे रेल मार्ग से जुड़ जाएंगे। इससे सुदूर पहाड़ी क्षेत्रों के लोग स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा, रोजगार और बाजारों तक आसानी से पहुंच सकेंगे। चारधाम रेल परियोजना का मुख्य उद्देश्य यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ को रेल नेटवर्क से जोड़ना है।

**आर्थिक और सामाजिक लाभ**

ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना उत्तराखंड में पर्यटन को बढ़ावा देने वाली है। चारधाम यात्रा के अलावा, उत्तराखंड के अन्य पर्यटन स्थल जैसे ऋषिकेश, हरिद्वार और औली तक पहुंचना आसान हो जाएगा। इससे स्थानीय व्यापार, होटल उद्योग और परिवहन सेवाओं को बढ़ावा मिलेगा और उत्तराखंड के सुदूर इलाकों में नए व्यापार केंद्रों के विकास को प्रोत्साहन मिलेगा। देवप्रयाग, श्रीनगर, रुद्रप्रयाग और गौचर जैसे शहरों में आर्थिक गतिविधियां बढ़ेंगी, जिससे स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

# पंजाब किंग्स ने आरसीबी को पांच विकेट से हराया

**बेंगलुरु :** पंजाब किंग्स ने नेहाल वढेरा की शानदार बल्लेबाजी की मदद से आरसीबी को पांच विकेट से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। आरसीबी और पंजाब के बीच यह मुकाबला बारिश के कारण देरी से शुरू हुआ था और मैच को 14-14 ओवर कराने का फैसला किया गया था। पंजाब ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया जो सही साबित हुआ। आरसीबी की टीम 14 ओवर में नौ विकेट पर 95 रन ही बना सकी। जवाब में पंजाब ने 12.1 ओवर में पांच विकेट पर 98 रन बनाकर मैच जीत लिया। पंजाब के लिए नेहाल वढेरा ने सबसे ज्यादा 19 गेंदों पर तीन चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 33 रन बनाए। आरसीबी की ओर से जोश हेजलवुड ने तीन विकेट झटके, जबकि भुवनेश्वर कुमार को दो



सफलता मिली। लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और उसने 32 रन पर दो विकेट गंवा दिए। प्रभसिमरन सिंह 13 और प्रियांश आर्या 16 रन बनाकर पवेलियन लौटे। पंजाब का स्कोर 50 रन के पार पहुंचा तो टीम ने कप्तान श्रेयस अय्यर का विकेट भी गंवा दिया जो सात रन बनाकर आउट हुए। श्रेयस के आउट होने के तुरंत बाद हेजलवुड ने जोश इंग्लिस को आउट किया जो 14 रन बनाकर पवेलियन लौटे। फिर नेहाल वढेरा ने कुछ अच्छे शॉट्स खेलकर टीम को जीत के करीब पहुंचाया, लेकिन शशांक सिंह के रूप में पंजाब ने पांचवां विकेट भी गंवा दिया। शशांक एक रन बनाकर आउट हुए। मैच रोमांचक स्थिति में नजर आ रहा था, लेकिन नए बल्लेबाज के रूप में उतरे मार्कस स्टोइनिस ने छक्का लगाकर टीम को जीत दिलाई। स्टोइनिस दो गेंदों पर सात रन बनाकर नाबाद लौटे। पंजाब की टीम इस जीत से अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। उसके सात मैचों में पांच जीत और दो हार के साथ 10 अंक हैं। वहीं, आरसीबी की टीम की सात मैचों में यह तीसरी हार है और वह चार जीत के साथ आठ अंक लेकर फिलहाल चौथे स्थान पर है।

## राजस्थान रॉयल्स को लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ जीत की जरूरत



### कोच द्रविड़ ने माना, अंतिम ओवरों की गेंदबाजी में सुधार की जरूरत

**जयपुर :** राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन का मांसपेशियों में खिंचाव के कारण खेलना संदिग्ध हो गया है लेकिन प्रदर्शन में निरंतरता के लिये जूझ रही टीम लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मुकाबले में लगातार तीन हार के सिलसिले को तोड़ने के इरादे से उतरेगी। मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कहा कि विकेटकीपर बल्लेबाज सैमसन को 'पेट में थोड़ा दर्द महसूस हुआ' जिसके बाद उनका स्कैन कराया गया। द्रविड़ ने शुक्रवार को कहा, ''जब हमें स्कैन और (चोट) की गंभीरता के बारे में थोड़ी और स्पष्टता मिल जाएगी तो हम आगे का फैसला लेंगे और देखेंगे कि क्या होता है।'' इससे मैच के लिए सैमसन की उपलब्धता और आईपीएल में उनकी भविष्य की भागीदारी पर भी सवालिया निशान लगा दिया। सात मैचों में महज दो जीत के बाद रॉयल्स तालिका में आठवें स्थान पर है। पिछले मैच में उसे दिल्ली कैपिटल्स ने सुपर ओवर में हराया था। रॉयल्स को इस हार को भुलाकर अब ऋषभ पंत की कप्तानी वाली लखनऊ टीम पर जीत के साथ अंकतालिका में अपनी स्थिति बेहतर करनी होगी। गेंदबाजी और बल्लेबाजी में निरंतरता के अभाव से जूझ रही रॉयल्स टीम लय नहीं पकड़ पाई है। कप्तान संजू सैमसन पिछले मैच में बाजू में खिंचाव के कारण रिटायर्ड हर्ट हो गए हालांकि बाद में उन्होंने कहा कि वह ठीक महसूस कर रहे हैं। रॉयल्स की बल्लेबाजी अभी तक नाकाम रही है और मध्यक्रम दबाव में चल नहीं पाया है। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने हालांकि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अर्धशतक लगाकर फॉर्म में लौटने के संकेत दिये हैं लेकिन देखना होगा कि क्या वे इस लय को कायम रख पाते हैं। पहले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 66 रन बनाने के बाद से सैमसन का बल्ला भी खामोश है। उनके और जायसवाल के फॉर्म पर बहुत कुछ निर्भर करेगा।

## दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटंस के बीच शीर्ष स्थान के लिये मुकाबला, नजरें स्टार्क और सिराज पर

**अहमदाबाद :** डैथ ओवरों में गेंदबाजी का मिचेल स्टार्क का हुनर और मोहम्मद सिराज की सटीकता का सामना होगा जब शानदार फॉर्म में चल रही दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटंस आईपीएल में श्रेष्ठता के मुकाबले में शनिवार को आमने सामने होंगी। कैपिटल्स छह मैचों में दस अंक लेकर शीर्ष पर है जबकि टाइटंस छह मैचों में आठ अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। राजस्थान रॉयल्स को सुपर ओवर में हराकर दिल्ली के हौसले बुलंद है। दिल्ली ने एक बार फिर दबाव में जीत दर्ज की और उसके शिल्पकार रहे स्टार्क। आस्ट्रेलिया के बायें हाथ के इस तेज गेंदबाज ने तीन सटीक यॉर्कर डालने के अलावा सुपर ओवर भी फेंका। बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के बाद चैम्पियंस ट्रॉफी नहीं खेलने वाले स्टार्क




पूरी तरह से तरोताजा होकर आईपीएल में उतरे हैं। अभी तक दस से ऊपर की इकॉनामी से दस विकेट ले चुके स्टार्क दिल्ली के तेज आक्रमण की अगुवाई कर रहे हैं जिसमें मुकेश कुमार और मोहित शर्मा भी हैं। उनके सामने अब गुजरात टाइटंस के शीर्षक्रम पर अंकुश लगाने की जिम्मेदारी होगी जिसमें कप्तान शुभमन गिल, साइ सुदर्शन, जोस बटलर शामिल हैं। अब तक इन तीनों ने बल्लेबाजी का दारोमदार संभाल रखा है। गुजरात के मध्यक्रम को किसी कठिन परीक्षा से गुजरना नहीं पड़ा और जब लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ इसकी नौबत आई तो वे नाकाम रहे। दिल्ली अगर गुजरात के शीर्षक्रम को जल्दी रवाना कर देती है तो मध्यक्रम की कमजोरी की कलई फिर खुल जायेगी। दूसरी ओर बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में औसत प्रदर्शन और चैम्पियंस ट्रॉफी विजेता भारतीय टीम से बाहर रहने के बाद सिराज ने ब्रेक में अपनी कमियों पर काफी मेहनत की है और नतीजे सामने हैं।

### सीएसके ने चोटिल गुरजपनीत की जगह ब्रेविस को टीम में शामिल किया

**नयी दिल्ली :** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने शुक्रवार को चोटिल तेज गेंदबाज गुरजपनीत सिंह की जगह दक्षिण अफ्रीका के ऑलराउंडर डेवाल्ड ब्रेविस को टीम में शामिल करने की घोषणा की। दुनिया के सबसे रोमांचक युवा क्रिकेटरों में से एक ब्रेविस ने 2023 में पदार्पण के बाद दो टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। ब्रेविस दुनिया भर की फ्रेंचाइजी टूर्नामेंट में खेल चुके हैं जिसमें आईपीएल, सीपीएल, एमएलसी और एसए20 शामिल हैं। वह 2025 एसए20 में 184.17 के स्ट्राइक रेट से 291 रन बनाकर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों में छठे स्थान पर रहे थे जिससे मुंबई इंडियंस केपटाउन को अपना पहला खिताब जीतने में मदद मिली थी।

## आरती ने एशियाई अंडर-18 एथलेटिक्स में दूसरा कांस्य पदक जीता



**नयी दिल्ली :** फर्राटा धाविका आरती ने सऊदी अरब के दम्माम में शुक्रवार को लड़कियों की 200 मीटर स्पर्धा में तीसरा स्थान हासिल करते हुए एशियाई अंडर-18 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपना दूसरा कांस्य पदक जीता। इससे पहले बुधवार को लड़कियों की 100 मीटर स्पर्धा में पोडियम पर जगह बनाने वाली भारतीय खिलाड़ी ने 24.31 सेकंड का समय निकालकर यूएई की मरियम करीम (23.99 सेकंड) और जापान की शिबाता मिसाटो (24.16 सेकंड) से पीछे रहीं। इस स्पर्धा में अन्य भारतीय धावक प्रिशा मिश्रा ने 25.16 सेकंड का समय लेकर आठवां स्थान हासिल किया।

## वानखेड़े स्टेडियम में मेरे नाम पर एक स्टैंड रखा जाना अवास्तविक अहसास है: रोहित शर्मा

**मुंबई :** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा वानखेड़े स्टेडियम के बाहर एक युवा खिलाड़ी के रूप में मुंबई रणजी ट्रॉफी सितारों की एक झलक पाने के लिए खड़े होने से लेकर प्रतिष्ठित स्थल पर उनके नाम पर एक स्टैंड (दर्शकदीर्घा या पवेलियन) का नाम रखे जाने तक के अपने सफर को याद करते हुए शुक्रवार को यहां भावुक हो गये। उन्होंने इसे एक 'अवास्तविक अहसास' करार दिया। मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने हाल ही में भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान रोहित के साथ-साथ पूर्व कप्तान अजीत वाडेकर और पूर्व बीसीसीआई अध्यक्ष और आईसीसी के चेयरमैन शरद पवार के नाम पर एक स्टैंड का नाम रखने की घोषणा की थी। 'टी20 मुंबई लीग' के तीसरे सत्र का ब्रांड एंबेसडर घोषित किए जाने के बाद रोहित ने कहा, ''जब कोई क्रिकेट खेलना शुरू करता है तो कोई इस तरह की चीजों का



सपना नहीं देखता है।' उन्होंने बीते दिनों को याद करते हुए कहा कि वह एक नवोदित खिलाड़ी के तौर पर सितारों को देखने के लिए उत्सुक रहते थे। उन्होंने कहा, 'मुझे अभी भी वे दिन याद हैं जब मैं मुंबई रणजी ट्रॉफी टीम का अभ्यास देखने के लिए वानखेड़े स्टेडियम के बाहर खड़ा रहता था।

## न्यूज अपडेट

### भारत ने एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 मुक्केबाजी चैंपियनशिप के लिए 56 सदस्यीय दल भेजा



**नयी दिल्ली :** भारत ने जोर्डन के अम्मान में आयोजित होने वाली एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 मुक्केबाजी चैंपियनशिप के लिए 56 सदस्यीय दल भेजा है। यह एशियाई मुक्केबाजी द्वारा आयोजित पहली प्रतियोगिता है जिसे एशियाई ओलंपिक परिषद और नवगठित 'वर्ल्ड बॉक्सिंग' (विश्व मुक्केबाजी) दोनों का समर्थन प्राप्त है। अंडर-17 लड़कों की टीम में साहिल दुहान और देवांश शामिल हैं जिन्होंने 2024 एशियाई जूनियर चैंपियनशिप में क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते थे। वहीं टीम में चुने गए टीकम सिंह एसजीएफआई 2024 स्वर्ण पदक विजेता हैं। लड़कियों के वर्ग में समीक्षा सिंह, अंशिका और खुशी चंद 2024 एशियाई स्कूल मुक्केबाजी चैंपियनशिप (लड़के और लड़कियों की) में पदक विजेताओं में शामिल थीं। अंडर-15 दल में 2024 में एशियाई स्कूल चैंपियनशिप (लड़कों) के कांस्य पदक विजेता रवि सिहाग के साथ-साथ 2024 की सब-जूनियर राष्ट्रीय बालिका मुक्केबाजी चैंपियन (64-67 किग्रा) तृष्णा मोहिते शामिल हैं। टीम का चयन विश्व मुक्केबाजी द्वारा गठित अंतरिम समिति द्वारा किया गया जिसकी अध्यक्षता भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के पूर्व अध्यक्ष अजय सिंह ने की।

### टी20 मुंबई लीग 26 मई से शुरू होगी, रोहित शर्मा तीसरे सत्र का चेहरा बने

**मुंबई :** टी20 मुंबई लीग का तीसरा चरण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के समापन के एक दिन बाद शुरू होगा, जिसमें भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान रोहित शर्मा को शुक्रवार को आधिकारिक तौर पर टूर्नामेंट का चेहरा घोषित किया गया कोविड-19 महामारी से पहले यह प्रतियोगिता 2018 और 2019 में दो साल के लिए आयोजित की गई थी और अब तीसरे चरण के लिए आठ टीमों के साथ आईपीएल जैसे प्रारूप में वापसी कर रही है। इन आठ टीमों में से दो के नए मालिक होंगे जिनमें से एक का नाम सोबो मुंबई फाल्कन्स है। रोडवे सॉल्यूशंस इंडिया इंफ्रा लिमिटेड और रॉयल एज स्पोर्ट्स एंड एंटरटेनमेंट दो नए मालिक हैं। रोहित, मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के अध्यक्ष अजिंक्य नाइक और शीर्ष परिषद और लीग संचालन परिषद के सदस्यों और टीम ऑपरेटरों की उपस्थिति में यह घोषणा की गई। नाइक ने एक बयान में कहा,'उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियां और अभी तक की यात्रा मुंबई क्रिकेट के मूल मूल्यों को दर्शाती हैं जिसमें धैर्य, दृढ़ संकल्प, कड़ी मेहनत और महत्वाकांक्षा शामिल है। लीग के साथ उनका जुड़ाव केवल महत्वाकांक्षी क्रिकेटरों को ही प्रेरित नहीं करेगा बल्कि लीग का कद भी बढ़ाएगा।' रोहित ने कहा, ''यह एक बड़ा मंच है। मुझे पिछले दो सत्र याद हैं, कुछ खिलाड़ी आईपीएल टीमों के लिए खेले और उनमें से कुछ अब भारत के लिए भी खेल रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''आपको एक मंच पाने के लिए बहुत भाग्यशाली होना चाहिए, भारत और दुनिया भर में बहुत सारे खिलाड़ी हैं जिनमें क्षमता है लेकिन सही मंच नहीं है।'' उन्होंने आगे कहा, '' मुझे लगता है कि मुंबई क्रिकेट सभी युवा खिलाड़ियों को एक मंच देने के लिए एक शानदार काम कर रहा है, लेकिन उन लोगों के लिए भी जो रणजी ट्रॉफी टीम, अंडर-23 और अंडर-19 टीमों में जगह नहीं बना पाए।' उन्होंने कहा, 'जब टूर्नामेंट शुरू होगा तो बहुत सारे लोग इसे देखेंगे, अगर आप अपनी प्रतिभा दिखाते हैं तो अगले साल आप आईपीएल की किसी टीम में हो सकते हैं और आपको नहीं पता कि आप भारत के लिए भी खेल सकते हैं।'



## सीबीआईसी ने जीएसटी पंजीकरण के लिए सात दिन की समयसीमा तय की




**नयी दिल्ली :** केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने कहा कि कंपनियां सात दिनों के भीतर जीएसटी पंजीकरण प्राप्त कर सकती हैं। दूसरी ओर जोखिम भरे कारोबार के लिए आवेदनों को भौतिक सत्यापन के बाद 30 दिनों के भीतर प्रसंस्कृत किया जाएगा। यह पाया गया कि क्षेत्र में काम कर रहे कुछ अधिकारी विभिन्न सवाल उठाकर अनुचित दस्तावेज मांग रहे हैं। इसको देखते हुए सीबीआईसी ने दस्तावेजों की एक सांकेतिक सूची भी दी है, जो अधिकारी कंपनियों से ऑनलाइन मांग सकते हैं। जीएसटी पंजीकरण करने के लिए सीबीआईसी के संशोधित निर्देश में कहा गया है कि पंजीकरण आवेदन को प्रसंस्कृत करते समय अधिकारियों को इन दस्तावेजों की मूल भौतिक प्रति मांगते हुए सवाल नहीं उठाने चाहिए। सीबीआईसी ने कहा कि उसे जीएसटी पंजीकरण हासिल करने में होने वाली कठिनाइयों के बारे में शिकायतें मिली हैं। इनमें से ज्यादातर शिकायतें अधिकारियों द्वारा मांगे जा रहे स्पष्टीकरण की प्रकृति और अतिरिक्त दस्तावेजों की मांग से जुड़ी हैं। संशोधित निर्देश के मुताबिक व्यवसाय के मुख्य स्थान (पीपीओबी) के संबंध में आवेदक को कोई भी एक दस्तावेज अपलोड करना होगा – नवीनतम संपत्ति कर रसीद या नगरपालिका खाता या मालिक के बिजली बिल की प्रति, या कोई अन्य सरकारी दस्तावेज जैसे पानी का बिल, जो स्पष्ट रूप से परिसर के स्वामित्व को स्थापित करता हो। जिन मामलों में परिसर किराए पर लिया गया है, आवेदक को पीपीओबी से संबंधित किसी भी एक दस्तावेज के साथ वैध किराया/ पट्टा समझौता अपलोड करना होगा। यह भी कहा गया कि आवेदक से उद्यम प्रमाण पत्र, एमएसएमई प्रमाण पत्र, दुकान स्थापना प्रमाण पत्र, व्यापार लाइसेंस जैसे कोई अतिरिक्त दस्तावेज नहीं मांगने चाहिए।

## शेखर जी पटेल बने क्रेडाई के नये अध्यक्ष

**अहमदाबाद :** शेखर जी पटेल रियल एस्टेट क्षेत्र की शीर्ष संस्था क्रेडाई के नए अध्यक्ष बन गए हैं। क्रेडाई देशभर के 13,000 से अधिक रियल एस्टेट कंपनियों का प्रतिनिधित्व करता है। क्रेडाई (द कॉन्फेडरेशन ऑफ रियल एस्टेट डेवलपर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया) ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि अहमदाबाद स्थित रियल एस्टेट कंपनी गणेश हाउसिंग कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक पटेल 2025-27 की अवधि के लिए क्रेडाई के नए अध्यक्ष बने हैं। वह मुंबई स्थित सूचीबद्ध कंपनी कीस्टोन रियल्टर्स लिमिटेड के सीएमडी बोमन ईरानी का स्थान लेंगे। ईरानी अब क्रेडाई-नेशनल के चेयरमैन बन गए हैं। क्रेडाई ने निर्माण और रियल एस्टेट क्षेत्र में कौशल प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण और श्रमिक प्रमाणन के लिए एक सहयोगी ढांचा स्थापित करने के लिए राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) और भारतीय गुणवत्ता परिषद (क्यूसीआई) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर भी हस्ताक्षर किए।

# भारत विनिर्मित इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों को विश्व स्तर पर मान्यता मिल रही: केंद्रीय मंत्री वैष्णव

**मानेसर (हरियाणा) :** केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को कहा कि नीतियों तथा प्रोत्साहनों के कारण पिछले दशक में भारत के इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण और निर्यात में कई गुना वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि भारत में विनिर्मित उत्पादों को अब उनकी विश्वसनीयता और बौद्धिक संपदा अधिकारों के प्रति सम्मान से वैश्विक मान्यता मिल रही है। मानेसर में वीवीडीएन टेक्नोलॉजीज की एसएमटी (सरफेस माउंट टेक्नोलॉजी) लाइन का उद्घाटन करते हुए मंत्री ने कहा कि पिछले दशक में भारत में इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण पांच गुना होकर 11 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया है। इस अवधि में निर्यात में छह गुना वृद्धि हुई है, जो 3.25 लाख करोड़ रुपये को पार कर गया है। पूरे क्षेत्र को मिलाकर 25 लाख नौकरियों का सृजन हुआ है। उन्होंने कहा, ' वैश्विक बाजार में भारतीय उत्पादों को उनकी विश्वसनीयता और बौद्धिक संपदा अधिकारों के प्रति सम्मान के कारण



लाभ प्राप्त है और इसे विश्व स्तर पर मान्यता मिल रही है।' मंत्री ने कहा कि भारत की डिजाइन क्षमताओं ने जटिल उत्पादों कृत्रिम मेधा से लैस कैमरों से लेकर मोटर वाहन इलेक्ट्रॉनिक तथा दूरसंचार नेटवर्क उपकरण से लेकर पावर इलेक्ट्रॉनिक तक के लिए मार्ग प्रशस्त किया है। इससे 'इलेक्ट्रॉनिक हब' के रूप में भारत का कद बढ़ा है। वैष्णव ने कहा, '' हाल ही में मंत्रिमंडल द्वारा स्वीकृत इलेक्ट्रॉनिक घटक प्रोत्साहनों से इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण परिवेश में सुधार होगा, जिससे अधिक अवसर उत्पन्न होंगे।'' वैष्णव ने शुक्रवार को ग्लोबल इन-ोवेशन पार्क में वीवीडीएन टेक्नोलॉजीज की नई सरफेस माउंट टेक्नोलॉजी (एसएमटी) लाइन के साथ-साथ मानेसर में मैकेनिकल इन-ोवेशन पार्क का उद्घाटन भी किया। कंपनी ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा, यह उन्नत बुनियादी ढांचा वीवीडीएन को एआई सर्वर, नेटवर्किंग उपकरण और मदरबोर्ड जैसे बड़े और जटिल उत्पादों का विनिर्माण करने में सक्षम बनाएगा। इससे आयात निर्भरता कम करने और भारत की आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत बनाने में मदद मिलेगी।

## दो हजार रुपये से अधिक के यूपीआई लेनदेन पर जीएसटी लगाने पर विचार नहीं: वित्त मंत्रालय

**नयी दिल्ली :** सरकार ने शुक्रवार को स्पष्ट किया कि वह 2,000 रुपये से अधिक के यूपीआई लेनदेन पर जीएसटी लगाने पर विचार नहीं कर रही है। सरकार के 2,000 रुपये से अधिक के यूपीआई लेनदेन पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लगाने पर विचार करने की खबरों पर सफाई देते हुए वित्त मंत्रालय ने कहा कि ये पूरी तरह से गलत, भ्रामक और निराधार हैं। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ''फिलहाल सरकार के समक्ष ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।'' जीएसटी मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) जैसे कुछ खास शुल्कों पर लगाया जाता है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने जनवरी 2020 से ग्राहक से व्यापारी (पीटूएम) के बीच यूपीआई लेनदेन पर एमडीआर हटा दिया है। मंत्रालय ने कहा, ''चूंकि इस समय यूपीआई लेनदेन पर कोई एमडीआर नहीं लगाया जाता है, इसलिए इन लेनदेन पर कोई जीएसटी लागू नहीं है।'' यूपीआई लेनदेन में तेजी से वृद्धि देखी गई है, जो वित्त वर्ष 2019-20 में 21.3 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर मार्च 2025 तक 260.56 लाख करोड़ रुपये हो गया है। मंत्रालय ने यह भी कहा कि सरकार यूपीआई के जरिये डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

### मान्यता प्राप्त स्टार्टअप विभिन्न कर छूट, कटौतियों के लिए पात्र: आयकर विभाग

**नयी दिल्ली :** आयकर विभाग ने शुक्रवार को कहा कि डीपीआईआईटी से मान्यता प्राप्त स्टार्टअप विभिन्न कर छूट के लिए पात्र हैं। विभाग ने यह भी कहा कि ऐसी कंपनियों में किए गए निवेश को भी इनका लाभ मिलेगा और यह जांच के अधीन नहीं हैं। हालांकि, जो स्टार्टअप आवश्यक शर्तों को पूरा नहीं करते हैं, उनमें किये गए निवेश की जांच विभाग की जोखिम प्रबंधन रणनीति के आधार पर की जा सकती है।

## शेयर बाजार में निवेशकों की संपत्ति चार दिन में 25.77 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

**नयी दिल्ली :** पिछले चार कारोबारी सत्रों में शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में छह प्रतिशत से अधिक की तेजी आई है। अमेरिका के शुल्क पर अस्थायी रोक, विदेशी निवेशकों की घरेलू बाजार में वापसी और दक्षिण-पश्चिम मानसून के दौरान सामान्य से अधिक बारिश की भविष्यवाणी के कारण बाजार बढ़त में रहा है।इसके अलावा, बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, खुदरा मुद्रास्फीति के लगभग छह वर्ष के निचले स्तर पर पहुंचने से भी नीतिगत दर में और कटौती की उम्मीद बढ़ी है।पिछले चार कारोबारी दिनों में बीएसई सूचकांक 4,706.05 अंक यानी 6.37 प्रतिशत बढ़ा जबकि एनएसई निफ्टी में 1,452.5 अंक यानी 6.48 प्रतिशत की तेजी रही।इसके साथ, पिछले चार दिन में निवेशकों की संपत्ति 25.77 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 4,19,60,046.14 करोड़ रुपये (4,900 अरब डॉलर) हो गई। शुक्रवार को 'गुड फ्राइडे' के कारण शेयर बाजार बंद हैं।मास्टर कैपिटल सर्विसेज के अनुसंधान एवं परामर्श के सहायक उपाध्यक्ष विष्णु कांत उपाध्याय के अनुसार, विदेशी कोष प्रवाह, अमेरिका के शुल्क पर अस्थायी रोक तथा भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा उदार मौद्रिक नीति रुख अपनाने जैसे कई कारकों ने वैश्विक व्यापार अनिश्चितता के बावजूद भारतीय बाजारों में तेजी को बढ़ावा दिया है।उपाध्याय ने कहा, पिछले तीन कारोबारी सत्रों में, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने लंबे समय तक बिकवाली के बाद एक अरब डॉलर से अधिक मूल्य के भारतीय शेयर खरीदे हैं। इसके अलावा, अमेरिका के शुल्क पर अस्थायी रोक की घोषणा और दोनों देशों के साथ संभावित बातचीत से भी धारणा को बढ़ावा मिला।

## न्यूज अपडेट

### टीवीएस मोटर ने अपाचे आरआर310 का 2025 संस्करण पेश किया, कीमत 2.77 लाख रुपये

**चेन्नई :** दोपहिया और तिपहिया वाहन विनिर्माता कंपनी टीवीएस मोटर कंपनी ने अपनी सुपर प्रीमियम मोटरसाइकिल अपाचे आरआर310 का 2025 संस्करण पेश किया है। कंपनी ने बताया कि यह संस्करण कई खूबियों से लैस है और ओबीडी (ऑन-बोर्ड डायग्नोस्टिक्स)-2बी मानदंडों का भी पालन करता है।नए संस्करण की कीमत 2,77,999 रुपये (शोरूम) है।टीवीएस ने शुक्रवार को बयान में कहा कि 'अपाचे आरआर 310' तीन 'बिल्ट-टू-ऑर्डर कस्टमाइजेशन' विकल्पों में उपलब्ध होगी। यह चार राइडिंग मोड 'ट्रैक, स्पोर्ट, अर्बन और रेन' के साथ आती है और 9,800 आरपीएम (चक्कर प्रति मिनट) पर 38 पीएस प्रदान करता है। 2025 संस्करण में जोड़े गए नए फीचर्स में लॉन्च कंट्रोल, कॉर्नरिंग ड्रैग टॉर्क कंट्रोल, जेन-2 रेस कंप्यूटर, आठ स्पोक एलॉय आदि शामिल हैं।ओबीडी-2बी मानदंड का मतलब कठोर उत्सर्जन मानदंडों के अनुरूप 'ऑन-बोर्ड डायग्नोस्टिक्स' है।कंपनी के प्रीमियम कारोबार प्रमुख विमल सुम्बली ने कहा, साल 2017 में शुरुआत के बाद से, टीवीएस अपाचे आरआर 310, सुपर-प्रीमियम स्पोर्ट मोटरसाइकिल खंड में एक जबरदस्त ताकत के रूप में उभरी है, जो अपने रेस-ब्रेड डीएनए के माध्यम से प्रदर्शन मानक को फिर से परिभाषित करती है।

### भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 1.57 अरब डॉलर बढ़कर 677.83 अरब डॉलर पर

**मुंबई :** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 11 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 1.57 अरब डॉलर बढ़कर 677.83 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को बताया कि लगातार छठे सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि हुई है। चार अप्रैल को समाप्त पिछले सप्ताह में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 10.87 अरब डॉलर बढ़कर 676.27 अरब डॉलर हो गया था। सितंबर 2024 में विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 704.89 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, 11 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का एक प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 89.2 करोड़ अमेरिकी डॉलर बढ़कर 574.98 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 63.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 79.99 अरब डॉलर हो गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 60 लाख करोड़ डॉलर घटकर 18.36 अरब डॉलर रहा। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार 4.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.50 अरब डॉलर हो गया।

### देशभर में एक मई से उपग्रह आधारित टोल प्रणाली लागू करने पर अभी तक कोई निर्णय नहीं:मंत्रालय

**नयी दिल्ली :** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) ने शुक्रवार को स्पष्ट किया कि एक मई से देश भर में उपग्रह आधारित टोल प्रणाली लागू करने पर कोई निर्णय नहीं लिया गया है। मंत्रालय ने मीडिया में आ रही उन खबरों के बाद यह स्पष्टीकरण दिया है, जिसमें दावा किया गया था कि एक मई 2025 से उपग्रह आधारित टोल प्रणाली शुरू की जाएगी और यह मौजूदा फास्टैग आधारित टोल संग्रह प्रणाली की जगह लेगी। मंत्रालय ने बयान में कहा, टोल प्लाजा के माध्यम से वाहनों की निर्बाध, बाधा मुक्त आवाजाही को सक्षम करने और यात्रा के समय को कम करने के लिए चयनित टोल प्लाजा पर 'स्वचालित नंबर प्लेट पहचान (एएनपीआर)-फास्टैग-आधारित बाधा रहित टोलिंग प्रणाली' तैनात की जाएगी।

**वर्ष 10, पूर्णांक 4211 अंक 021, RNI No WBHIN/2016/66788**, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in